वर्ष : 33 » अंक : 206 » पृष्ठ : 8 » मुंबई, शनिवार, 12 अक्टूबर 2024 » RNI: MAHHIN/49994/91 » मूल्य : 3 रुपए » epaper.dobajedopahar.com » संपादक : अरुण लाल

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

दो बजे

दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

महायुति में 'ऑल इज वेल'

अजित पवार महायुति के साथ ही रहेंगे ● नाराजगी की खबरों का किया खंडन

गुरुवार को महाराष्ट्र के डिप्टी CM अजित पवार ने छोड़ी कैबिनेट मीटिंग

राजा आदाटे/अमित बृज । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार में उप मुख्यमंत्री अजित पवार को लेकर अब तक खबर थी कि सीएम शिंदे से नाराज होकर वे कैबिनेट मीटिंग से दस मिनट के अंदर ही छोड़कर चले गए। इसके बाद बड़े-बड़े कयास लगाए जाने लगे कि महायुति का साथ वे छोड़ सकते है। लेकिन आज शाम एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अजित पवार ने इन सभी खबरों का खबरों का खंडन करते हुए बेबुनियाद बताया है।

सब ठीक है

मीडिया ने जब अजित पवार से सवाल पूछा कि किया वे महाराष्ट्र से नाराज हैं तो उन्होंने इसका दिलचस्प जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ये सवाल उनसे पूछा जाए जिसने बताया है कि वो नाराज हैं। अजित पवार ने कहा, रसब ठीक है। महाराष्ट्र कैबिनेट बैठक में विवाद की अटकलें बेबुनियाद हैं।

क्या है पूरा मामला ?

दरअसल गुरुवार को राज्य के कैबिनेट की मीटिंग हुई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार सिर्फ 10 मिनट के भीतर ही कैबिनेट मीटिंग छोड़कर चले गए। मीटिंग 10 अक्टूबर को हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, पवार के बैठक से चले जाने के बाद 38 फैसले लिए गए। यह भी दावा किया जा रहा है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधानसभा चुनाव को लेकर कुछ सुझाव रखे, जिनसे अजित सहमत नहीं थे। इसे लेकर दोनों में नोक-झोंक हुई और फिर अजित मीटिंग छोड़कर चले गए। सूत्रों के मुताबिक, शरद पवार ने बारामती से जुड़े कुछ प्रस्ताव मुख्यमंत्री को भेजे थे। उन्होंने इनको मीटिंग में रखा। इसी बात से अजित नाराज हो गए और मंजूरी देने से इनकार कर दिया। अजित बारामती सीट से ही विधायक हैं। उनके पास वित्त मंत्रालय का जिम्मा है। वे पहले भी कैबिनेट के प्रस्तावों पर आपत्ति जता चुके हैं।

सीएम शिंदे ने चला नया दांव

बाल ठाकरे की बहु स्मिता को बनाया नई फिल्म नीति समिति का अध्यक्ष

मुंबई। शिवसेना पर अधिकार के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अब ठाकरे परिवार में भी सेंधमारी की है। उन्होंने दिवंगत शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे की बहु स्मिता ठाकरे को नई फिल्म नीति समिति का अध्यक्ष नियुक्त कर बड़ी जिम्मेदारी दी है। विधानसभा चुनाव से पहले शिंदे का यह दांव उद्धव ठाकरे पर भारी पड़ सकता है।

एक तीर से दो निशाना

सांस्कृतिक मंत्रालय ने एक नई चित्रपट (फिल्म) नीति समिति का गठन किया है। स्मिता ठाकरे को 22 सदस्यीय इस समिति का अध्यक्ष नियुक्त कर एकनाथ शिंदे ने एक तीर से दो निशाना साधा है। स्मिता के रूप में ठाकरे परिवार को अपने साथ लाकर शिंदे ने गद्दार वाले टैग से छुटकारा पाने की कोशिश की है। वहीं, मुंबई के सियासी समीकरण साधने का भी प्रयास किया है। मुंबई में विधानसभा की 36 सीटें है जहां उद्धव ठाकरे की शिवसेना का दबदबा माना जाता है। स्मिता ठाकरे के साथ आने से शिंदे की शिवसेना को इसका लाभ मिल सकता है। इससे पहले स्मिता ठाकरे ने कांग्रेस और शरद पवार के साथ जाने पर उद्धव ठाकरे की कड़ी आलोचना भी कर चुकी हैं। दिवंगत शिवसेना प्रमुख बालासाहेब के जीवित रहते जब सूबे में पहली बार भाजपा-शिवसेना की सरकार बनी थी तब स्मिता ठाकरे पावर सेंटर थी। वह ठाकरे परिवार की बहू और पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की भाभी हैं।

शिंदे सरकार का 'फटाफट' विकास

- नवी मुंबई एयरपोर्ट पर पहली बार विमान उतरा, वायुसेना के C-295 की सफल लैंडिंग
- CM शिंदे ने रनवे का किया निरीक्षण
- मार्च में शुरू होगा एयरपोर्ट

धीरज सिंह । मुंबई

नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के रनवे पर आज भारतीय वायुसेना के 'सी 295' विमान ने सफलता पूर्वक लैंडिंग की। इस मौके पर नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल , सांसद सुनील तटकरे, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस मौजूद थे। शुक्रवार को भारतीय वायुसेना का 'सी 295' विमान नवी मुंबई एयरपोर्ट पर सात-आठ चक्कर लगाने के बाद रनवे पर उतरा। इस मौके पर विमान को 'वाटर सैल्यूट' दिया गया और बाद में सुखोई 30 लड़ाकू विमान ने फ्लाईबाई सलामी दी। 'सी295' विमान के बाद सुखोई 30 विमान को भी रनवे पर उतारा गया।

एयरपोर्ट पर दो रनवे हैं

सिडको के चेयरमैन संजय शिरसाट ने बताया कि एयरपोर्ट पर दो रनवे हैं। चार टर्मिनलों पर एक साथ 350 विमानों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। एयरपोर्ट तक मेट्रो और बुलेट ट्रेन कनेक्टिविटी दी जाएगी। इस हवाई अड्डे का निर्माण सिडको द्वारा किया गया है। यात्री टर्मिनल 4 बिल्डिंग में चेक-इन करने वाले किसी भी स्थान से अपनी उड़ान तक पहुंच सकेंगे।

सब खटाखट और फटाफट हो रहा है : मुख्यमंत्री शिंदे

इस दौरान मीडियाकर्मियों से बात करते हुए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, हम जो बोलते हैं, करते हैं जो नहीं करना होता, बोलते नहीं हैं। सब खटाखट और फटाफट हो रहा है। एकनाथ शिंदे ने कहा, हम फ्लाइट और फाइट के लिए तैयार हैं। आज नवी मुंबई एयरपोर्ट के C-295 की सफलतापूर्वक लैंडिंग हुई, सुखोई-30 का फ्लाईपास्ट हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी जी अकेले ही पूरे विपक्ष पर भारी हैं। रनवे की टेस्टिंग के लिए पीएम मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का धन्यवाद करते हुए शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र में इतना विकास का काम हो रहा है उसके पीछे डबल इंजन की सरकार की देन है। राज्य के लोग देख रहे हैं कि डबल इंजन की सरकार होने से फायदा होता है, और मैं जनता से अपील करता हूं कि हमें फिर से मौका दें। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नवी मुंबई एयरपोर्ट के रनवे टेस्टिंग के दौरान कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने एयरपोर्ट के चालू होने की तारीख मार्च 2025 तय की और इस परियोजना को महाराष्ट्र के लिए वरदान बताया।

फडणवीस बोले- नवी मुंबई एयरपोर्ट से बहुत फायदा मिलेगा

नवी मुंबई एयरपोर्ट को लेकर फडणवीस ने कहा कि आज सुरक्षित ट्रायल लैंडिंग हुई है। विपक्ष की ओर से इसे लेकर बहुत सवाल किए जा रहे थे। इस एयरपोर्ट से लोगों को बहुत फायदा होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसका भूमि पूजन किया था। अगले कुछ महीने में इस एयरपोर्ट को खोल दिया जाएगा। इस पर चार टर्मिनल हैं और 2 रनवे हैं।

दोपहर इन्फो

नवी मुंबई एयरपोर्ट के पहले फेज के डेवलपमेंट के लिए 18,000 करोड रुपए खर्च किए गए हैं। इसके मार्च 2025 तक चालू हो जाने की उम्मीद है। इस इन्वेस्टमेंट को मिलाकर अडाणी ग्रुप एयरपोर्ट डेवलपमेंट के लिए टोटल 78,000 करोड़ रुपए खर्च करेगी

न्यूज़ ब्रीफ

ऑडी ने डिलीवरी बॉय को कुचला, मौत

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे में हिट एंड रन का नया मामला सामने आया है। मुंढवा इलाके में ताड़ीगुट्टा के पास एक ऑडी कार ने फूड डिलीवरी बॉय को टक्कर मार दी। फिर कार से कुचलकर भाग गया। घायल बाइक सवार को अस्पताल में एडमिट कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान रऊफ अकबर शेख के रूप में हुई। पुलिस ने बताया, कार सवार ने इससे पहले एक स्कूटी को भी टक्कर मारी, जिसमें 3 घायल हो गए। CCTV फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। उसकी पहचान 34 साल के आयुष तायल के रूप में हुई। वह एक प्राइवेट कंपनी में बड़ा अधिकारी है। पुलिस ने उसे घर से गिरफ्तार कर लिया।

फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग हुई, बची 150 जानें

त्रिची। तमिलनाडु के त्रिची से UAE के शारजाह के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की एक फ्लाइट में गुरुवार को उस समय तकनीकी खराबी आ गई जब वह आसमान में उड़ रही थी। जानकारी के मुताबिक, विमान में हाइड्रोलिक सिस्टम फेल गया, जिसके चलते उसे वापस त्रिची हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी है। अच्छी खबर ये है कि फ्लाइट ने सेफ लैंडिंग कर ली है। इसमें 140 यात्री सवार थे। कुछ घंटे तक आसमान में रहने के बाद विमान फिलहाल सुरक्षित रूप से लैंड कर गया है।

दिल्ली ड्रग्स मामला : ईडी की हुई एंट्री, मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज

मुंबई, गुरुग्राम और कुछ अन्य शहरों में छापेमारी

नई दिल्ली। दिल्ली से हाल ही में जब्त किए गए हजारों करोड़ रुपए के नशीले पदार्थों के मामले में ईडी ने शुक्रवार को मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कर लिया, साथ ही इस केस को लेकर उसने दिल्ली, मुंबई, गुरुग्राम और कुछ अन्य शहरों में छापे मारकर तलाशी भी ली।

मुंबई में विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया

ईडी सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी ने दिल्ली के वसंत एन्क्लेव और राजौरी गार्डन इलाकों में तुषार गोयल और उनकी पत्नी सहित विभिन्न आरोपियों और संदिग्धों के परिसरों पर छापेमारी की। दिल्ली के प्रेम नगर में हिमांशु कुमार और मुंबई के नालासोपारा में भरत कुमार के आवासीय परिसरों की भी तलाशी ली गई। यह तलाशी अभियान दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा 602 किलोग्राम से अधिक नारकोटिक्स और साइकोट्रॉपिक पदार्थों जैसे 'कोकीन' और 'हाइड्रोपोनिक मारिजुआना' की खेप की जब्ती के मामले में चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए, जिन्हें जब्त कर लिया गया।' वहीं इन छापों को लेकर एजेंसी ने एक बयान में बताया, 'आरोपियों की वित्तीय गतिविधियों के विवरण के साथ-साथ उनके और उनके परिवार के सदस्यों की चल व अचल संपत्तियों के ब्यौरे वाले कुछ प्रमुख वित्तीय दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

नवनीत राणा को जान से मारने की मिली धमकी

मुनीब चौरसिया । अमरावती/मुंबई

अभद्र भाषा का इस्तेमाल

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक घटनाक्रम तेज हो गया है। राज्य भर में जगह-जगह प्रचार और बैठकें शुरू हो गई हैं। हर पार्टी के नेता अलग-अलग जगहों का दौरा कर रहे हैं। इस बार बीजेपी नेता और अमरावती की पूर्व सांसद नवनीत राणा को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें यह धमकी एक पत्र के जरिए मिली है। पत्र में नवनीत राणा के खिलाफ बेहद निम्न स्तर और अभद्र भाषा का जिक्र किया गया है। इसलिए उनके कार्यकर्ता अपना गुस्सा भी जाहिर करते हुए नजर आए हैं। पूर्व सांसद से 10 करोड़ रुपए की फिरौती की मांग भी की गई है।

विवादित शब्दों का प्रयोग

पत्र में नवनीत राणा के पति रवि राणा के बारे में विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया है। इसके साथ-साथ यह भी लिखा गया है कि मैं हैदराबाद से हूं और किसी पार्टी से नहीं हूं। पत्र में उल्लेख है कि मेरे भाई वसीम ने आपको दुबई से फोन किया लेकिन फोन नहीं उठाया, पत्र में फोन नंबर का भी उल्लेख है। पत्र में पाकिस्तान जिंदाबाद का भी जिक्र है। यह भी बताया गया कि यह पत्र इस्मा नाम के संबंधित अमीर ने अपनी पत्नी के हाथ से लिखा था। रवि राणा के निजी सहायक विनोद गुहे शिकायत दर्ज कराने के लिए राजापेठ पुलिस के पास पहुंचे थे।

ईपीएफओ का अधिकारी रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार

मुंबई/नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) जलगांव के प्रवर्तन अधिकारी को शिकायतकर्ता से 25,000 रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने ईपीएफओ के आरोपी प्रवर्तन अधिकारी के खिलाफ 8 अक्टूबर 2024 को मामला दर्ज किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि शिकायतकर्ता के पिता की श्रम आपूर्ति फर्म जिसे वह देख रहा था, को 31 जुलाई 2024 को क्षेत्रीय प्रमुख, डीओ जलगांव (ईपीएफओ) से एक ईमेल प्राप्त हुआ था। इस ईमेल में कहा गया था कि लेखा परीक्षा अधिकारी 31 जुलाई से दो अगस्त के बीच उनकी फर्म का ऑडिट करने जा रहे हैं।

केंद्र और महाराष्ट्र सरकार के बीच उत्कृष्टता केंद्र के लिए हुआ करार

मुंबई। तकनीकी शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से शुक्रवार को राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान और महाराष्ट्र राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते से महाराष्ट्र के तकनीकी और इंजीनियरिंग कॉलेजों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), इंडस्ट्री 4.0, थ्री डी प्रिंटिंग और संबद्ध प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्टता केन्द्र (सीओआई) की स्थापना होगी।

इस प्रयास का अन्य राज्यों में भी किया जाएगा विस्तार : वैष्णव

रेल भवन में हुए इस कार्यक्रम में केन्द्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी अश्विनी वैष्णव और महाराष्ट्र के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटील की मौजूदगी में केंद्र और महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों ने संबंधित फाइल का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एनआईईएलआईटी और महाराष्ट्र सरकार के बीच सहयोग यह सुनिश्चित करेगा कि छात्रों को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप व्यावहारिक शिक्षा प्राप्त हो। महाराष्ट्र से शुरू होने वाले इस प्रयास का अन्य राज्यों में भी विस्तार किया जाएगा, जिसमें विशेष रूप से पॉलिटेक्निक संस्थानों, आईटीआई और राज्य के नव स्थापित विश्वविद्यालय पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह हमारे युवाओं के लिए विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग में एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा।

सियासत शिवसेना के दोनों गुटों (उद्धव गुट और एकनाथ शिंदे गुट) की रैलियों पर होगी लोगों की नजर

आज दशहरा रैलियों का 'सुपर शनिवार' उद्धव-शिंदे का 'शक्ति प्रदर्शन'

दीपक पवार । मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। सभी राजनीतिक दल त्योहारों के मौके पर बड़े पैमाने पर शक्ति प्रदर्शन करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। दशहरा एक ऐसा त्योहार है जिसे महत्वपूर्ण कार्यों की शुरुआत के लिए शुभ माना जाता है और महाराष्ट्र की राजनीति में इस त्योहार का बड़ा महत्व भी है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले 12 अक्टूबर को दशहरा रैलियों का सुपर शनिवार होगा। शिवाजी पार्क में उद्धव ठाकरे, आजाद मैदान में एकनाथ शिंदे, नागपुर में आरएसएस, भगवान गढ़ में पंकजा मुंडे और बीड में मराठा कोटा एक्टिविस्ट मनोज जारांगे दशहरा रैली का नेतृत्व करेंगे और विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की बिगुल फूंकेंगे।

बीड में जुटेंगे मराठा

मराठा कोटा एक्टिविस्ट मनोज जरांगे पाटिल ने भी राज्य भर के किसानों और मराठा समुदाय के लोगों से बीड जिले के नारायणगढ़ में इकट्ठा होने का आह्वान किया है। हाल के लोकसभा चुनावों में खराब प्रदर्शन के बाद बीजेपी के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन (शिंदे सेना, अजित पवार की एनसीपी और बीजेपी) आगामी विधानसभा चुनाव में मनोज जारांगे पाटिल के कदम से काफी सतर्क है।

एक साथ दिखेंगे पंकजा मुंडे-धनंजय मुंडे

दिलचस्प बात यह है कि बारह साल के अलगाव के बाद, पंकजा मुंडे और उनके चचेरे भाई धनंजय मुंडे अपनी पारंपरिक दशहरा रैली के लिए बीड के भगवान गढ़ (किले) में एक साथ जुटेंगे। सभी की निगाहें मनोज जारंग पाटिल की मराठा रैली के खिलाफ महायुति गठबंधन के ओबीसी नेताओं के एक साथ विशाल शक्ति प्रदर्शन करने पर टिकी हैं। इसी तरह, 1925 में अपनी स्थापना के बाद से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की दशहरा रैली नागपुर में आयोजित होती रही है।

शिवसेना के दोनों गुटों में छिड़ा वीडियो टीजर वॉर

इन सभी दशहरा रैलियों में से लोगों की नजर शिवसेना के दोनों गुटों (उद्धव गुट और एकनाथ शिंदे गुट) की रैलियों पर होगी। शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे की विरासत पर दावा करते हुए दोनों गुटों के वीडियो टीजर ने पहले ही एक-दूसरे पर निशाना साधते हुए माहौल तैयार कर दिया है। शिवसेना यूबीटी ने लोगों से महाराष्ट्र की निष्ठा और परंपरा की रक्षा करने की अपील की है।

नागपुर में आयोजित होगी RSS की दशहरा रैली

इस बार की दशहरा रैली भी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस की उपस्थिति में नागपुर में आयोजित की जाएगी। राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले आरएसएस प्रमुख के वैचारिक और राजनीतिक संदेश के लिहाज से यह भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण रैली होगी। भारतीय चुनाव आयोग (ECI) किसी भी समय विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा कर सकता है। इस लिहाज से महाराष्ट्र में शनिवार का दिन हाई वोल्टेज राजनीतिक ड्रामे का होगा।

तोप का गोला फटा

दो अग्निवीरों की मौत

दोपहर संवाददाता । मुंबई

सैफत शित

गोहिल विश्वराज सिंह

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक जिले में आर्टिलरी सेंटर में फायरिंग प्रैक्टिस के दौरान तोप से दागे गए एक गोले के फट जाने के कारण दो अग्निवीरों की मौत हो गई।

एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना गुरुवार (10 अक्टूबर) दोपहर नासिक रोड इलाके में स्थित आर्टिलरी सेंटर में हुई। अधिकारी ने कहा अग्निवीरों की एक टीम भारतीय फील्ड गन से फायरिंग कर रही थी, तभी एक गोला फट गया। उन्होंने बताया कि विस्फोट में अग्निवीर गोहिल विश्वराज सिंह (20) और सैफत शिट (21) की मौत हो गई।

जांच के आदेश

अधिकारी ने बताया कि अग्निवीरों की एक टीम तोप से गोले छोड़ रही थी। तभी एक गोला फट गया, जिससे दो अग्निवीर घायल हो गए, जिसके बाद उन्हें देवलाली के एमएच अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि हवलदार अजीत कुमार की शिकायत के आधार पर देवलाली कैंप पुलिस थाने में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है तथा जांच जारी है।

तलोजा जेल में ड्रग्स की तस्करी के आरोप में पुलिसकर्मी गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई

नवी मुंबई में स्थित तलोजा जेल में ड्रग की तस्करी के आरोप में पुलिस ने एक जेल कर्मी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार पुलिसकर्मी के पास से 10.08 लाख रुपए की ड्रग्स बरामद हुई है।

मामले की गहन छानबीन जारी

इस मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि अनिल आसाराम जाधव तलोजा जेल में कार्यरत था। वह बुधवार शाम को जब ड्यूटी पर आया तो जेल के नियम के अनुसार उसे सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ा, जिसमें उसके शरीर के साथ-साथ उसके साथ लाए गए सामान की स्कैनिंग भी शामिल थी। इसी दौरान उसके टिफिन बाक्स में गांजा, चरस और एमडी मिला। इसके बाद जेलकर्मियों ने उससे पूछताछ की। जेल अधिकारियों ने गुरुवार को जाधव को खारघर पुलिस स्टेशन के हवाले कर दिया। खारघर पुलिस स्टेशन में जाधव के खिलाफ नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट, 1985 की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस इस मामले की गहन छानबीन कर रही है।

फर्जी कंपनियों के जरिये 320 करोड़ रुपए का निकाला इन्वॉयस

दोपहर संवाददाता । पालघर

एक व्यवसायी को कथित तौर पर 70 फर्जी कंपनियों के जरिये 320 करोड़ रुपए के जाली इन्वॉयस या चालान निकालने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार को एक अधिकारी ने बताया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) धोखाधड़ी में हरिलाल ओझा को 13 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सीजीएसटी मुंबई क्षेत्र के अधिकारी ने कहा कि ओझा को 10 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया।

70 फर्जी फर्मों के माध्यम से 320 करोड़ रुपए के फर्जी चालान बनाए

अधिकारी ने कहा, ''उसने माल या सेवाओं की वास्तविक आपूर्ति के बिना 70 फर्जी फर्मों के माध्यम से 320 करोड़ रुपए के फर्जी चालान बनाए। उसने 22 करोड़ रुपए का इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) हासिल किया और 26 करोड़ रुपए का आईटीसी धोखाधड़ी से आगे दिया।' उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई विभाग के 'फर्जी पंजीकरण के खिलाफ दूसरे विशेष अखिल भारतीय अभियान' के हिस्से के रूप में की गई। सीजीएसटी (मुंबई क्षेत्र) के अतिरिक्त आयुक्त दीपिन सिंगला ने कहा, ''हितेश वासा नामक एक व्यक्ति से जुड़ा एक और मामला भी उजागर हुआ है। उसने 22 गैर-प्रामाणिक फर्मों को पंजीकृत किया और 48 करोड़ रुपए का आईटीसी प्राप्त किया। उसने 44 करोड़ रुपए का आईटीसी धोखाधड़ी से आगे दिया। दोनों मामलों में, 92 फर्मों का पता चला है जो आईटीसी को धोखाधड़ी नकली चालान बनाने में शामिल थीं।

यदुवंशी परिवार ने किया विशेष सत्कार कार्यक्रम का आयोजन

दोपहर संवाददाता । मुंबई

यदुवंशी परिवार जोगेश्वरी द्वारा आयोजित एक विशेष सत्कार कार्यक्रम में श्री सिद्धिविनायक मंदिर के नवनियुक्त कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी को मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित किया गया। इस मौके पर कई प्रतिष्ठित हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें भाजपा नेता मुरजी पटेल, नगरसेवक पंकज यादव, विश्व यादव संघ के संस्थापक मोतीलाल यादव, भाजपा नेता विश्वबंधू राय और जोगेश्वरी यदुवंशी परिवार के प्रमुख सुभाष यादव व समाजसेवक सुभाष जायसवाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

हिंदू परिवारों की सेवा के प्रति समर्पित रहेगा पूरा कार्यकाल : त्रिपाठी

कार्यक्रम के दौरान आचार्य पवन त्रिपाठी ने अपनी नई जिम्मेदारी को ईश्वर की कृपा मानते हुए सभी को आश्वस्त किया कि उनका पूरा कार्यकाल हिंदू परिवारों की सेवा के प्रति समर्पित रहेगा। इस अवसर पर आयोजन समिति द्वारा शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन भोजपुरियों के पारंपरिक व्यंजन बाटी-चोखा के साथ हुआ, जिसका सभी उपस्थित लोगों ने लुत्फ उठाया। इस सफल आयोजन को सफल बनाने में गोविंद यादव, जितेंद्र यादव, संजय यादव, चंद्रभूषण यादव, मुरारी यादव, केदार यादव, नंदलाल यादव,अजय यादव, विजय यादव, सुनील यादव महेंद्र यादव, खेसारीलाल यादव, रामसजीवन यादव, शिन्टू यादव, संतोष यादव, रंगा यादव, राजेश यादव और लोरिक यादव का विशेष योगदान रहा।

ड्रिंक एंड ड्राइव में पुलिस ने जब्त की बाइक

युवक ने लगाई बाइक में आग

दोपहर संवाददाता । वसई

वसई गांव से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। सूत्रों के अनुसार शराब के नशे में धुत युवक की बाइक जब पुलिस ने जब्त कर ली तो युवक ने अपनी ही बाइक में आग लगा दी। गौरतलब है कि वसई गांव में पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी एक बाइक सवार आता दिखा, तो पुलिसवालों ने उसे रुकने का इशारा किया गया। रोकने पर पता चला कि बाइक सवार शिवकुमार नायर ने शराब पी रखी थी। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने शिवकुमार नायर की बाइक जब्त कर ली। अपनी गाड़ी के जब्त होने से निराश और परेशान, शिवकुमार ने अपनी मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकालकर आग लगा दी।

बाइक जलकर खाक

आग की लपटों ने तुरंत लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया और आसपास खड़े लोग हैरत से देखते रहे । कुछ ही देर में बाइक जलकर खाक हो गई थी। स्थानीय अधिकारी अब घटना की जांच कर रहे हैं। हालांकि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। लेकिन यह घटना इस बात पर प्रकाश डालती है कि कुछ व्यक्ति हताशा के क्षणों में कितने चरम कदम उठा सकते हैं। मानिकपुरा पुलिस ने शिवकुमार नायर को हिरासत में ले लिया है।

500 रुपए उधारी के लिए कबाड़ी की हत्या, एक गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता । ठाणे

ठाणे पुलिस ने एक कबाड़ी (28 वर्षीय) को गिरफ्तार किया है, जिसने उसी काम में लगे एक व्यक्ति की कथित तौर पर हत्या कर दी और उसके शव को जला दिया। कबाड़ी ने पांच सौ रुपए की उधारी के लिए कथित तौर पर यह हत्या की। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुरेश मनोरे ने बताया कि 3 अक्तूबर को गंगारामपाड़ा निवासी सुरेश तारा सिंह जाधव (35 वर्षीय) का अधजला शव वाडपे गांव के इलाके में मिला था। पुलिस ने पहले हत्या और साक्ष्य नष्ट करने के आरोप में अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103 (1) और 238 के तहत मामला दर्ज किया। बाद में अपराध शाखा ने सूचनाओं और सुरागों के आधार पर आरोपी बर्कु मारुति पडवले को गिरफ्तार कर लिया। पडवले से पूछताछ के दौरान पता चला कि उसने एक अन्य व्यक्ति देवा के साथ मिलकर जाधव की हत्या की थी। देवा अभी तक गिरफ्तार नहीं हुआ है। तीनों कबाड़ी का काम करते थे। जाधव ने देवा से 500 रुपए उधार लिए थे, जिसे वह बार-बार याद दिलाने के बावजूद वापस नहीं कर रहा था। हत्या के दिन पडवले और देवा ने जाधव को वाडपे गांव ले जाकर पैसे की मांग की। उधारी को लेकर बहस बढ़ी तो दोनों ने जाधव पर लोहे की छड़ से हमला किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

कालूराम काका का निधन

आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ी लंबी लड़ाई

दोपहर संवाददाता । पालघर

पालघर जिले के सबसे चर्चित चेहरा माने जाने वाले कालूराम दोधाडे का लंबी बीमारी के बाद शुक्रवार को निधन हो गया। उन्होंने 86 वर्ष की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा। जानकारी के लिए बता दें कि कालूराम दोधाड़े ने आदिवासियों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी थी। कालूराम दोधड़े के देहांत के बाद आदिवासी समाज में शोक का महौल है। बता दें कि दोधड़े को आदिवासी समाज प्यार से 'कालूराम काका' बुलाया करते थे। उन्होंने पांच दशकों

से अधिक समय तक आदिवासी भूमि को गैर-आदिवासियों को हस्तांतरित करने सहित विभिन्न कारणों से कई आंदोलनों में भाग लिया था। इसके साथ ही वो आदिवासी समाज की मांग को लेकर जेल भी जाना पड़ा था।

साइबर कमांड और कंट्रोल सेंटर का उद्घाटन

दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई

इंजीनियरिंग, डिजिटल और आरएंडडी सेवाओं में वैश्विक अग्रणी एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड और महाराष्ट्र राज्य साइबर विभाग ने एक सुरक्षित और लचीला डिजिटल वातावरण बनाने के लिए भारत का पहला एकीकृत राज्य स्तरीय साइबर कमांड और कंट्रोल सेंटर लॉन्च किया, जिससे नागरिकों, व्यवसायों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को साइबर अपराधों से बचाने के लिए आवश्यक विश्व स्तरीय तकनीक और विशेषज्ञता के साथ सशक्त बनाया जा सके। महापे में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अत्याधुनिक सुविधा का उद्घाटन किया। यह परियोजना साइबर अपराध की जांच को सुविधाजनक बनाने और उसे तेज करने, सजा दर में सुधार करने, पुलिस बल के भीतर क्षमता निर्माण करने और साइबर अपराधों के बारे में नागरिकों की जागरूकता बढ़ाने के लिए साइबर सुरक्षा के मामले में महाराष्ट्र को अग्रणी स्थान पर रखती है।

कल्याण बदलापुर रोड के कांक्रीटीकरण काम का भूमिपूजन

दोपहर संवाददाता । उल्हासनगर

शुक्रवार को शहर के विधायक कुमार आयलानी द्वारा कल्याण बदलापुर रोड पर शांतिनगर से साईं बाबा मंदिर तक सड़क के किनारे अंडर ग्राउंड ड्रेनेज तथा सड़क पर 8 इंच की कंक्रीट की लेयर लगाने के काम का भूमिपूजन किया गया। इस कार्य से शांति नगर से साईं बाबा मंडिर तक सड़क खड्डा मुक्त हो जाएगा। यातायात समस्या से भी छुटकारा मिल जाएगा।

68 करोड़ रुपए की निधि स्वीकृत

विधायक कुमार आयलानी ने बताया कि यह एक महत्वपूर्व विकास परियोजना है जिसके माध्यम से शहर के नागरिकों के साथ ही इस सड़क का प्रयोग करने वाले तमाम लोगों को यातायात में सुविधा मिल सकेगी तथा अच्छी सड़क बन जाने के कारण यात्रा के समय मे भी कमी आएगी। साथ ही अंडर ग्राउंड ड्रेनेज का भी निर्माण किया जाएगा। इस कार्य के लिए 68 करोड़ रुपए की निधि स्वीकृत हुई है और सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) द्वारा यह कार्य किया जाएगा। इसको बनाने के लिए अधिकतम 2 वर्ष का समय मंजूर है लेकिन इसे एक साल के भीतर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

किफायती आवास के लिए नागरिक सुझाव भेजें: राजेंद्र मिरगणे

दीपक पवार । मुंबई

राज्य में विभिन्न आवास योजनाओं को कुशलतापूर्वक लागू करने और किफायती आवास प्रदान करने के लिए, सभी सहकारी आवास समितियों, वास्तुकारों, डेवलपर्स और अन्य सभी संबंधित नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि वे अपने सुझाव कार्यालय को भेजें। म्हाडा हाउसिंग विभाग में आवास विभाग के सलाहकार राजेंद्र मिरगणे ने किया है।

आवास विभाग के लिए सलाहकार नियुक्त किए गए हैं राजेंद्र मिरगणे

महाराष्ट्र सरकार के आवास विभाग ने राजेंद्र मिरगणे को आवास विभाग के लिए सलाहकार नियुक्त किया है। महाराष्ट्र राज्य में विभिन्न आवास योजनाओं के कुशल कार्यान्वयन के लिए मौजूदा नीतियों और विनियमों में संशोधन और परिवर्तन का सुझाव देने के लिए एक कार्यशाला स्थापित की गई है। सहकारी आवास समितियों, वास्तुकारों, डेवलपर्स और अन्य सभी संबंधितों से आमंत्रित सुझावों पर विचार करने के बाद आवास विभाग को एक रिपोर्ट सौंपी जाएगी। मिरगणे ने एक पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी दी है।

नवरात्रि के अवसर पर

महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी, (महापारेषण) सांघिक कार्यालय, वांद्रे, मुंबई

सड़क कार्यों का भूमिपूजन

दोपहर संवाददाता । डोंबिवली

मनसे नेता और कल्याण ग्रामीण के विधायक राजू पाटिल की विशेष निधि से 3 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर कल्याण ग्रामीण पिसवली में शिवाजी नगर, जयभीम नगर और देशमुख होम्स के पास की सड़कों का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा नगरसेवक मोरेश्वर भोईर के साथ क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के पदाधिकारी उपस्थित थे। विधायक राजू पाटिल ने कहा कि इस विकास कार्य से स्थानीय नागरिकों को बेहतर सड़कें उपलब्ध होंगी और आने वाले समय में क्षेत्र में कई विकास कार्य किये जायेंगे। इसके अलावा क्षेत्र में पीने के पानी की बड़ी किल्लत है। यहां की महिलाओं ने विधायक राजू पाटील से पानी समस्या से अवगत कराया जिसके बाद राजू पाटील ने कहा कि, दो से तीन माह में पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के कारण पश्चिम रेलवे की कई ट्रेनें प्रभावित

दोपहर संवाददाता । मुंबई

उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग तथा रूट रिले इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में परिवर्तन कार्य के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें प्रभावित होंगी। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक के अनुसार निरस्त, शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट की जाने वाली ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है।

निरस्त होने वाली ट्रेनें

16 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 09061 उधना- गाजीपुर सिटी स्पेशल,18 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 09062 गाजीपुर सिटी-उधना स्पेशल,16 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 09525 हापा-नाहरलगुन स्पेशल,19 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 09526 नाहरलगुन- हापा स्पेशल यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के कारण निरस्त रहेगी।

शॉर्ट टर्मिनेट एवं शॉर्ट ओरिजिनेट होने वाली ट्रेनें

17 से 20 अक्टूबर, 2024 तक यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 14115 डॉ. अंबेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस खजुराहो स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। 18 से 21 अक्टूबर, 2024 तक यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 14116 प्रयागराज-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस खजुराहो स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। 18 अक्टूबर, 2024 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09117 सूरत-सूबेदारगंज सुपरफास्ट एक्सप्रेस फतेहपुर स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। 19 अक्टूबर, 2024 को यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 09118 सूबेदारगंज-सूरत सुपरफास्ट एक्सप्रेस फतेहपुर स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी। आगे यह ट्रेन गोविंदपुरी स्टेशन से प्रस्थान कर वाया कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलेगी। 17 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 22967 अहमदाबाद-प्रयागराज सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी। 18 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 22968 प्रयागराज-अहमदाबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रयागराज छिवकी स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी।

परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें

- 19 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 20933 उधना-दानापुर एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग वाया पं. दीन दयाल उपाध्याय-मिर्जापुर-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर के रास्ते चलाया जाएगा।20 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 20934 दानापुर-उधना एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-मिर्जापुर-पं. दीन दयाल उपाध्याय के रास्ते चलाया जाएगा।18 और 20 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 20941 बांद्रा टर्मिनस-गाजीपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग वाया कानपुर सेंट्रल-उन्नाव-एमबीडीडी प्रतापगढ़-जंघई के रास्ते चलाया जाएगा।

- इसी तरह 20 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 20942 गाजीपुर सिटी-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग वाया जंघई-एमबीडीडी प्रतापगढ़-उन्नाव-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाया जाएगा।16 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 09447 अहमदाबाद-पटना सुपरफास्ट स्पेशल को परिवर्तित मार्ग वाया कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-पं. दीन दयाल उपाध्याय के रास्ते चलाया जाएगा। 18 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 09448 पटना-अहमदाबाद सुपरफास्ट स्पेशल को परिवर्तित मार्ग वाया पंडित दीन दयाल उपाध्याय-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाया जाएगा।17 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 22468 को गांधीनगर केपिटल-वाराणसी एक्सप्रेस को वाराणसी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-गोविंदपुरी-भीमसेन के रास्ते चलाया जाएगा।

- इसी प्रकार 20 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 20415 वाराणसी-इंदौर महाकाल एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-गोविंदपुरी-भीमसेन के रास्ते चलाया जाएगा। 21 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 20416 इंदौर-वाराणसी महाकाल एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग वाया भीमसेन- गोविंदपुरी - कानपुर सेंट्रल - लखनऊ - वाराणसी के रास्ते चलाया जाएगा। 17 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 22969 ओखा- बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग वाया जंघई - लखनऊ - कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाया जाएगा। 19 अक्टूबर, 2024 की ट्रेन संख्या 22970 बनारस- ओखा सुपरफास्ट एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग वाया कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-जंघई के रास्ते चलाया जाएगा।

दो बजे
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
दोपहर
अनमोल विचार
अहिंसा ही स्थायी शांति का सच्चा मार्ग है : डॉ. राम मनोहर लोहिया

मेट्रो लाइन 2ए और 7 के लिए शुरू की गई व्हॉट्सऐप आधारित टिकट सेवा

मुंबई। महा मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमएमओसीएल) ने शुक्रवार को लाइन 2ए और 7 के यात्रियों के लिए पर्यावरण अनुकूल व्हॉट्सऐप आधारित टिकट सेवा शुरू की। मेट्रो लाइन 2ए अंधेरी पश्चिम से दहिसर तक है, जबकि लाइन-7 अंधेरी पूर्व से दहिसर तक है। दोनों लाइन अप्रैल 2022 में शुरू की गई थीं और महानगर के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में यात्रियों को सेवा प्रदान करती हैं। एमएमएमओसीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा कि मेट्रो लाइन 2ए और 7 पर यात्रियों के लिए शुरू की गई इस सेवा के तहत

यात्री अब सीधे व्हॉट्सऐप के माध्यम से टिकट खरीद सकते हैं जिससे कागज के टिकट की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी।

महिला यात्री के हाथों कराई गई सेवा की शुरुआत

विज्ञप्ति में कहा गया है कि नवरात्र उत्सव के बीच व्हॉट्सऐप आधारित टिकट सेवा की शुरुआत एक महिला यात्री के हाथों कराई गई। मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के महानगर आयुक्त संजय मुखर्जी ने कहा कि इस सुविधा से काउंटर पर कतारों को कम करने और अधिक सहज यात्रा अनुभव प्रदान करने में मदद करेगी। रूट मोबाइल लिमिटेड ने PeLocal Fintech Pvt. Ltd. के साथ साझेदारी में महा मुंबई मेट्रो के लिए व्हाट्सएप-आधारित टिकटिंग सेवा लागू की है।

'सीट बंटवारे पर 90 प्रतिशत बातचीत पूरी'

महायुति गठबंधन पर बोले BJP प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले

दोपहर संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियों में सीट शेयरिंग को लेकर भी बातचीत शुरू हो गई है। शुक्रवार को महाराष्ट्र बीजेपी के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि सत्तारूढ़ महायुति में आगामी विधानसभा के लिए सीट बंटवारे को अगले तीन दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा। महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति में भाजपा के अलावा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल है। विधानसभा चुनाव अगले महीने होने की संभावना है क्योंकि मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है।

उद्धव ठाकरे को सम्मान का याद दिलाया

बीजेपी नेता ने आगे कहा कि मुझे उद्धव ठाकरे के लिए बहुत दुख है। हमने उन्हें बहुत सम्मान दिया, लेकिन उन्होंने सब मिट्टी में मिला दिया। महाविकास अघाड़ी के नेता कभी भी उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री नहीं बनाएंगे। 2019 में उन्होंने उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री बनाया क्योंकि वे महागठबंधन तोड़ना चाहते थे। अब उद्धव ठाकरे की महाविकास अघाड़ी में उपयोगिता खत्म हो गई है।

3 दिन में पूरा पिक्चर क्लीयर

बावनकुले ने कहा कि सीटों को लेकर हमारी चर्चा जारी हैं और उसके बाद बीजेपी के केंद्रीय संसदीय बोर्ड की बैठक 13 अक्टूबर को होगी। सीट बंटवारे पर 90 प्रतिशत बातचीत पूरी हो गई है। बाकी की 10 प्रतिशत जो बातचीत अगले तीन दिन में पूरी हो जाएगी। बीजेपी के संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद मुख्यमंत्री शिंदे और उप मुख्यमंत्री अजित पवार उन सीट की घोषणा करेंगे जिस पर वे अपने उम्मीदवार उतारेंगे। बावनकुले कहा कि पहले की तरह बीजेपी विदर्भ की अधिक सीट पर चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष बावनकुले ने शिवसेना यूबीटी नेता उद्धव ठाकरे की आलोचना की। उन्होंने कहा कि बीजेपी उद्धव ठाकरे को सम्मान दे रही थी, देवेंद्र फडणवीस उनके छोटे भाई की तरह काम कर रहे थे। अब महाविकास अघाड़ी में उन्हें क्या हो गया है? पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने उद्धव ठाकरे को घर पर बुलाया, कांग्रेस उन्हें दिल्ली बुलाती है। उद्धव ठाकरे बाला साहेब ठाकरे को याद करें।

लाडली बहना योजना को लेकर संजय राउत पर बोला हमला

वहीं, लाडली बहना योजना को लेकर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत झूठ बोलते हैं। संजय राउत ने कहा था कि मध्य प्रदेश में यह योजना बंद हो गई है, लेकिन एमपी के सीएम मोहन यादव ने बताया है कि 1 करोड़ 30 लाख महिलाओं के लिए योजना सुचारू रूप से चल रही है। महाराष्ट्र में हमारी सरकार है, लड़की बहिन योजना शुरू हुई है और हमारी सरकार आगे जाकर भी इस योजना को जारी रखेंगी।

भारतीय डाक विभाग ने विश्व डाक दिवस पर पेश किया स्मारक पोस्टकार्ड

मुंबई। भारतीय डाक विभाग के महाराष्ट्र क्षेत्र ने बुधवार को 'यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन' (यूपीयू) की 150वीं वर्षगांठ के मौके पर एक स्मारक पोस्टकार्ड का अनावरण किया गया। विश्व डाक दिवस पर यह कार्यक्रम प्रधान डाकघर (जीपीओ) में आयोजित हुआ, जहां भारतीय डाक, महाराष्ट्र सर्किल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अमिताभ सिंह ने नयी पहल का अनावरण किया।

150 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है यूपीयू

इस वर्ष, यूपीयू अपने 150 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहा है जिसका विषय है ''विभिन्न देशों में लोगों को सशक्त बनाना और संचार को सक्षम बनाना।'' इसके साथ ही, भारतीय डाक विभाग सात से 11 अक्टूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मना रहा है, जिस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सिंह ने कहा, ''आज का समारोह एक उत्सव जैसा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा सहित पूरी दुनिया में पोस्टर का अनावरण किया गया है।''

पश्चिम रेलवे

विद्युत कार्य

वरिष्ठ डीईई/पी/बीसीटी, पश्चिमी रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008, **निविदा सूचना संख्या: ईएल 81-7-913-डब्ल्यूए-61 (आर) दिनांक 08.10.2024** आमंत्रित करता है. **कार्य और स्थान:** मुंबई सेंट्रल में मौजूदा बेलासिस रोड ओवर-ब्रिज की रीगर्डरिंग के संबंध में मुंबई सेंट्रल इलेक्ट्रिकल (पावर) कार्य. **कार्य की अनुमानित लागत : 17,30,446/-. ईएमडी: 34,600/- जमा करने की तिथि और समय:** 08.11.2024, 15.00 बजे तक. **खुलने की तिथि और समय:** 08.11.2024 को 15.30 बजे. विवरण के लिए कृपया www.ireps.gov.in पर जाएं। 0614

लाइक करें : facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक ने अंधेरी स्टेशन का किया औचक निरीक्षण

महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने चर्चगेट-अंधेरी खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया

मुंबई। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार मिश्र ने शुक्रवार को पश्चिम रेलवे के मुंबई उपनगरीय खंड का औचक निरीक्षण किया। मिश्र ने ट्रैक की सफाई की समीक्षा करने के लिए चर्चगेट-अंधेरी खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया और साथ ही अंधेरी स्टेशन का भी निरीक्षण किया।

महाप्रबंधक ने लोकल की मोटर कैब में यात्रा की

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, महाप्रबंधक मिश्र ने चर्चगेट से अंधेरी स्टेशन तक लोकल ट्रेन की मोटर कैब में यात्रा की और चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के मद्देनजर ट्रैक की सफाई का जायजा लिया। मिश्र अंधेरी स्टेशन पर उतरे और प्लेटफॉर्मों और फुट ओवर ब्रिज (FOB) का गहन निरीक्षण किया। इस औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न पहलुओं - सुरक्षा, सफाई, यात्री सुविधाओं और समग्र सौंदर्य के लिए प्लेटफॉर्मों का निरीक्षण किया। मिश्र ने गोखले ब्रिज के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया।

कोचों की साफ-सफाई का निरीक्षण

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने आगे बताया कि इसके बाद महाप्रबंधक मिश्र अंधेरी से एसी लोकल ट्रेन में चढ़े और कोचों की साफ-सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रेन के अंदर एसी और अन्य सुविधाओं के समुचित संचालन की भी समीक्षा की, जो आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हैं।

फिल्म अभिनेता सयाजी शिंदे राकांपा (एपी) में शामिल

मुंबई। फिल्म अभिनेता सयाजी शिंदे शुक्रवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एपी) में शामिल हो गए। उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सयाजी शिंदे का पार्टी में स्वागत किया है और उन्हें पार्टी के स्टार प्रचारक की जिम्मेदारी सौंपी है। राकांपा (एपी) के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद सुनील तटकरे ने कहा कि सयाजी शिंदे ने फिल्म के क्षेत्र में महान योगदान दिया है। सयाजी शिंदे के आने से हमारी पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस मौके पर अजीत पवार ने कहा कि सयाजी शिंदे को पार्टी में फिलहाल स्टार प्रचारक की जिम्मेदारी दी जा रही है। उन्हें बाद में और भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जाएगी। मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि सयाजी शिंदे ने दक्षिण की फिल्मों के साथ मराठी फिल्म जगत और हिंदी फिल्मों में भी काम किया है। इसलिए वे किसी भी परिचय के मोहताज नहीं हैं। अब वे अभिनेता से नेता बन गए हैं और समाज हित को बेहतर काम करेंगे। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल आदि उपस्थित थे।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

(हाइड्रोलिक अभियंता विभाग)

ई-निविदा सूचना

विभाग		हाइड्रोलिक अभियंता
उप विभाग		उप.हाइड्रोलिक अभियंता (भांडुप कॉम्प्लेक्स)
बोली आमंत्रण नं.		2024_एमसीजीजी_1112117_1
विषय		भांडुप कॉम्प्लेक्स में प्रीट्रीटर के संबद्ध कार्यों के साथ-साथ ट्रस का प्रतिस्थापन।
बोली की बिक्री		दिनांकः 14/10/24 को 11.00 बजे से दिनांकः 12/11/24 को 04.00 बजे तक
वेबसाइट		http://portal.mcgm.gov.in and https://mahatenders.gov.in
संपर्क अधिकारी		ए. ई. (प्रीट्रीटर रखरखाव) बी.सी.आई/सी/ई. ई.(टी.सी.डब्लू.)बी.सी.
अ)	नाम	श्रीमति.बी.आर. शिखारे/श्री. एस. बी. भागवे
ब)	टेलीफोन	022-25658511, 022-25658512
स)	मोबाइल नंबर	9819212724
द)	ईमेल आईडी	Se03bc.he@mcgm.gov.in/dyhebc@yahoo.com

हस्ता./
कार्यकारी अभियंता (टी.सी.डब्लू)
भांडुप कॉम्प्लेक्स

पीआरओ/1733/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

के. ई. एम. अस्पताल, परेल

संख्या.केईएम/2575/एईएमई/ दिनांकः 11/10/2024

ई-निविदा सूचना

विभाग	:-	विभाग केईएम अस्पताल
बोली आमंत्रण संख्या	:-	बोली नं. 2024_एमसीजीजी_1111939
विषय	:-	केईएम अस्पताल में नर्स हॉस्टल और एमबीएच की सुविधा के लिए विभिन्न उपकरण कार्य।
बोली की बिक्री	:-	दिनांक 12/10/24 को शाम 4 बजे से दिनांक 19/10/24 को शाम 4 बजे तक
वेबसाइट	:-	https://mahatenders.gov.in
अ) संपर्क अधिकारी	:-	सहायक अभियंता (एमएंडई) के ई एम
ब) नाम	:-	श्रीमती.मनीषा जाधव/श्री. प्रफुल खुपटे
स) टेलीफोन	:-	02224107768/7799
द) ईमेल आईडी		ae02me.kem@mcgm.gov.in

हस्ता./
डीन(केईएमएच)

पीआरओ/1727/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

हाइड्रोलिक अभियंता विभाग

ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगरपालिका के आयुक्त नीचे दिए गए कार्य के लिए तीन पैकेट प्रणाली में प्रतिशत दर के आधार पर लाइन में काम करने वाली फर्मों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करते हैं।

निविदा दस्तावेज क्रमांक	2024_एमसीजीएम_1110309
संगठन का नाम	बृहन्मुंबई महानगरपालिका
विषय	पश्चिमी उपनगरों/उत्तर में जल मुख्य और नियंत्रण वाल्वों की नियमित और आपातकालीन मरम्मत/रखरखाव कार्यों के लिए वेल्डर और वेल्डर हेल्पर की आपूर्ति के लिए संविदात्मक एजेंसी की नियुक्ति
निविदा शुल्क	रु.1557.60(रु.1320.00+18% जीएसटी)
निविदा सुरक्षा जमा/ईएमडी	रु.7,300/-
निविदा की अनुमानित लागत	रु. 7,26,824/-
समय अवधि / अनुबंध अवधि	12 महीने
निविदा जारी और बिक्री की तिथि	11/10/2024 को सुबह 11 बजे से
अंतिम तिथि व समय निविदा बिक्री की और अमानत जमा राशि की रसीद	12/10/2024 को 12.00 बजे तक
पैकेट ए, बी और पैकेट सी जमा करना (ऑनलाइन) और अमानत जमा राशि की रसीद	21/10/2024 को 12.00 बजे तक
बोली पूर्व बैठक	NA
पैकेट 'ए' खोलना	22/10/2024 को दोपहर 03.00 बजे के बाद
पैकेट 'बी' खोलना	24/10/2024 को 12.05 बजे के बाद
पैकेट 'सी' खोलना (वाणिज्यिक पैकेट)	28/10/2024 को दोपहर 03.00 बजे के बाद
वेबसाईट	http://portal.mcgm.gov.in https://mahatenders.gov.in
संपर्क व्यक्ति	1.श्री मिलिंद.एम. दादरकर ए.ई. (मो.न.9930260447) 2.श्री एन.एन.गोसावी एस.ई.(मो.न.9930260505)
संपर्क के लिए पता	सहायक अभियंता जल कार्य (रखरखाव) पश्चिमी उपनगर/उत्तर, म्यूनिसिपल मार्केट बिल्डिंग, पवनधाम मंदिर के सामने, महावीर नगर, हार्मनी टॉवर के पास, बोरीवली (पश्चिम), मुंबई - 400 092.
बोली खोलने का स्थान	सहायक अभियंता जल कार्य कार्यालय में ऑनलाइन (रखरखाव) पश्चिमी उपनगर/उत्तर, म्यूनिसिपल मार्केट बिल्डिंग, पवनधाम मंदिर के सामने, महावीर नगर, हार्मनी टॉवर के पास, बोरीवली (पश्चिम), मुंबई - 400 092.

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।
एमसीजीएम किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता/
डीवाई. हाइड्रोलिक अभियंता(मेंटेनेंस)

पीआरओ/1725/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका

निविदा दस्तावेज क्र.	2024_एमसीजीएम_1113559_1
संगठन का नाम	बृहन्मुंबई महानगरपालिका
विषय	पी-उत्तर वार्ड में एम.डब्ल्यू.डी. म्युनिसिपल जनरल हॉस्पिटल, मालाड की छत पर एसीपी शीट केबिन के साथ ऑल-वियर सुविधा प्रदान करने और निर्माण का कार्य।
निविदा की जांच शुल्क	रु.3300(+18%जीएसटी)
निविदा की लागत(अनुमानित लागत)	आइटम दर निविदा
बोली जांच जमा/ईएमडी	रु.23,000/-
निविदा जारी करने की तिथि	15/10/2024 को सुबह 11.0 बजे
निविदा की बिक्री और बोली की प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय सुरक्षा जमा	21/10/2024 को शाम 04.00 बजे तक
पकैट ए, बी, और सी जमा करना (ऑनलाइन)	21/10/2024 को शाम 04.00 बजे तक
बोली पूर्व बैठक	लागू नहीं
पैकेट ए खोलना (बोली खोलना)	22/10/2024 को शाम 04.00 बजे के बाद
संपर्क के लिए पता	कार्यालयः ई. ई. मैक.(दक्षिण), बीएमसी म्युनिसिपल वर्कशॉप, आर. एस.निमकर मार्ग,भायखला, मुंबई :400008
निविदा खोलने का स्थान	कार्यालय ई. ई. मैक.(दक्षिण) ऑनलाइन
संपर्क व्यक्ति	
ए) नाम	श्री ए. सी.मोहिते
बी) टेलीफोन (कार्यालय)	022-23083051/52/53/54
सी) ईमेलः	eemechsouth.me@mcgm.gov.in
वेबसाइट	http://portal.mcgm.gov.in/tenders, https://mahatenders.gov.in.

यह निविदा दस्तावेज हस्तांतरणीय नहीं है।
एमसीजीएम किसी भी आवेदन को स्वीकार करने या उपरोक्त विषय के लिए प्राप्त किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

हस्ता./
कार्यकारी अभियंता मैकेनिकल (दक्षिण)

पीआरओ/1742/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

दो बजे दोपहर

संपादकीय

आत्म मंथन का वक्त

हरियाणा में वापसी को लेकर बनी बड़ी उम्मीदों के बीच आए अप्रत्याशित चुनाव परिणामों से निश्चय ही कांग्रेस पार्टी सांसत में है। पार्टी का केंद्रीय व राज्य नेतृत्व स्तब्ध है कि आखिर ये क्या और कैसे हुआ। भले ही पार्टी ईवीएम व चुनाव प्रणाली को लेकर सवाल खड़े कर रही है, लेकिन इसके बावजूद उसे हरियाणा में शिकस्त और जम्मू-कश्मीर में निराशाजनक प्रदर्शन से सबक लेना चाहिए। निश्चय ही इस प्रदर्शन ने महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस की स्थिति को कमजोर कर दिया है। यहां तक कि इंडिया गठबंधन में घटक दलों द्वारा बयानबाजी का दौर तेज हुआ है। वे कांग्रेस के अति आत्मविश्वास को विफलता की वजह बता रहे हैं। निस्संदेह, लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद देश की यह सबसे पुरानी पार्टी पिछले दो आम चुनावों की तुलना में बेहतर स्थिति में नजर आई थी। पार्टी को लोकसभा में प्रमुख विपक्षी दल के रूप में मान्यता भी मिली थी। वहीं पार्टी के युवा तुर्क राहुल गांधी खासे मुखर थे। लेकिन आठ अक्तूबर के नतीजे के बाद स्थितियां बदल गई हैं। इसके कुछ सहयोगियों, जैसे कि शिव सेना-यूबीटी, सीपीआई और आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को आगामी विधान सभा चुनावों के लिये आत्मनिरीक्षण करने की सलाह दी है। साथ ही अपनी आगामी रणनीति की समीक्षा करने की सलाह भी दी है। वहीं दूसरी ओर महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी की सीट बंटवारे की बातचीत फिलहाल अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। शिवसेना-यूबीटी और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी कांग्रेस इस बदले हालात में सीटों के बंटवारे के लिये बेहतर सौदेबाजी करने का अवसर महसूस कर रही हैं। वहीं कांग्रेस ने अपने गठबंधन के सहयोगियों को तुरंत याद दिलाया है कि उसने इस साल हुए लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र में अच्छा प्रदर्शन किया था। उसने जिन 17 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से तेरह पर जीत हासिल की थी। बहरहाल ऐसे तर्कों के बावजूद कांग्रेस पार्टी द्वारा हरियाणा विधानसभा चुनाव में की गई चूकों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उसके कई फैसलों को लेकर सवाल उठाये जा रहे हैं। गठबंधन में शामिल आप के साथ तालमेल करने के बजाय अकेले चुनाव लड़ना सवालों के घेरे में रहा है। यद्यपि हरियाणा विधानसभा चुनाव में आप को एक भी सीट नहीं मिली, लेकिन पार्टी द्वारा हासिल 1.79 वोट शेयर ने भाजपा और कांग्रेस में कांटेदार टक्कर के बीच नतीजों पर कुछ असर तो डाला ही है। भले ही कांग्रेस आलाकमान अपने फैसलों को लेकर तर्क देता रहे, लेकिन उसे अपने गठबंधन के साझेदारों के प्रति अधिक उदार होने की जरूरत है। झारखंड में भाजपा के प्रभुत्व के मद्देनजर कांग्रेस को इतना विनम्र तो होना चाहिए कि वह झारखंड मुक्ति मोर्चा के बाद दूसरी भूमिका निभा सके। महाराष्ट्र में भी, उसे इस बात को प्राथमिकता देनी चाहिए कि गठबंधन के लिये क्या बेहतर हो सकता है न कि वह अपने पार्टी हितों को प्राथमिकता दे। यह हकीकत किसी से छिपी नहीं है कि लोकसभा चुनावों में उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन न कर पाने के बाद भारतीय जनता पार्टी अच्छी तरह से एकजुट हो गई है। पार्टी ने अपने अहम् को त्यागकर गठबंधन धर्म की राह पकड़ी है। कांग्रेस को अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी से कुछ तो सबक सीखना चाहिए, यह जानते हुए कि हरियाणा और जम्मू कश्मीर के जनादेश से कांग्रेस के लिये राष्ट्रीय राजनीति में मुश्किलें बढ़ेंगी। इस बात का अंदाजा इस घटनाक्रम से लगाया जा सकता है कि चुनाव परिणाम आने के बाद आम आदमी पार्टी व शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट ने कांग्रेस को निशाना बनाना आरंभ कर दिया है। आम आदमी पार्टी ने तो यहां तक घोषणा कर दी है कि दिल्ली विधान सभा के चुनाव पार्टी अकेले ही लड़ेगी। हरियाणा चुनावों के अप्रत्याशित परिणामों की एक व्याख्या यह भी की जा रही है कि भाजपा व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बीच की दूरियां कम हो गई हैं। यह भी कि हरियाणा के अप्रत्याशित चुनावों में संघ की निर्णायक भूमिका रही है। यह तथ्य इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि संघ का नागपुर मुख्यालय महाराष्ट्र की राजनीति में प्रभावी घटक भी हो सकता है।

भारतीय अहसासों में सदैव रहेंगे

अरुण नैथानी

जब बृहस्पतिवार की सुबह देश ने आंखें खोली तो देशवासियों को शॉक लगा कि उन्होंने अपना एक अनमोल रत्न खो दिया है। यूं तो देर रात ही सोशल मीडिया पर मानवीय सरोकारों के विख्यात उद्योगपति रतन नवल टाटा के निधन की खबरें फैलनी शुरू हो गई थी। हर किसी को लगा जैसे कोई अपना हमें छोड़ गया। रतन टाटा को भारतीय समाज में दरियादिली, जीवन मूल्यों की प्रतिबद्धता व उद्योग जगत में नैतिकता के लिये जाना जाता है। टाटा के उत्पादों व सेवाओं को भरोसे का प्रतीक कहा जाता है। तेजी से संवेदनहीन होते समाज में कम ही होता है कि आम आदमी किसी राजनेता या उद्योगपति से भावनात्मक रूप से जुड़ा हो। लोग उनके अवसान पर दिल से दुखी होते देखे गए। व्यक्ति की विश्वसनीयता, सामाजिक प्रतिबद्धता, कथनी-करनी में साम्य और कारोबार में नैतिक मूल्यों की समाज आज भी कद्र करता है। देश में कई पीढ़ियां टाटा परिवार के आदर्शों से प्रेरित हुईं। उनकी उद्यमशीलता का अनुकरण करते हुए कई उद्यमी स्थापित हुए। रतन टाटा भारतीय समाज के लिये एक आदर्श पुरुष रहे हैं। उनके प्रेरक विचार अक्सर दोहराए जाते हैं। भरोसे का आलम यह है कि लोग अक्सर मजाक में कह दिया करते हैं कि हमने टाटा का नमक खाया है।

बेहद सादगी की जीवनशैली अपनाने वाले रतन टाटा दिखावे से हमेशा कोसों दूर रहे। आमतौर पर मंत्री, नौकरशाह और धनाढ्य अपने आगे-पीछे सहयोगियों-कर्मचारियों का लाव-लश्कर लेकर चलते हैं, वो रतन टाटा के साथ कभी नहीं रहा। आम आदमी की पीड़ा हमेशा उनके मन में रही। उन्होंने कहा था कि एक बार बारिश में भीगकर स्कूटर पर सफर करते परिवार को देखकर उनके मन में विचार आया कि देश में एक सस्ती कार बनायी जाए, जिसे आम आदमी खरीद सके। उन्होंने नैनो कार बनायी भी, लेकिन उसे सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिला। इस प्रसंग से रतन टाटा की सामाजिक प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता का पता चलता है।

पहले सोमवार को सोशल मीडिया पर खबर आई थी कि रतन टाटा ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती हुए हैं। तब उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके कहा था कि मैं ठीक हूं और ज्यादा उम्र के कारण रूटीन चैकअप के लिये अस्पताल गया था। लेकिन बुधवार की रात इस 86 वर्षीय अनमोल रतन ने इस नश्वर दुनिया को अलविदा कह दिया। हर किसी को लगा कि अपना कोई सगा हमारे बीच से चला गया। देशवासियों के इस आत्मीय लगाव की वजह यह भी रही है कि अकूत संपदा के मालिक होने के बावजूद वे सहज-सरल जीवन जीते रहे। कभी उनके मुंह से किसी के प्रति कटुता के शब्द नहीं सुने गए। वे कहते रहे कि धन व शक्ति मेरे मुख्य लक्ष्य कभी नहीं रहे। उनका आदर्श था कि मैं निर्णय लेता हूं और फिर उन्हें सही बनाता हूं। अमेरिका में अच्छी नौकरी और व्यवस्थित जीवन जी रहे रतन टाटा सब कुछ छोड़कर भारत लौटे। यहां तक कि इस निर्णय से निजी जीवन गहरे तक बाधित हुआ। जिसके बाद वे जीवनपर्यंत अविवाहित रहे। उनका निजी जीवन दस वर्ष की उम्र में माता-पिता के अलगाव की वजह से गहरे तक प्रभावित हुआ। उनकी दादी ने उनका लालन-पालन किया। पिता ने दूसरा विवाह किया जब ये 18 साल की उम्र में थे। कालांतर में मां ने भी दूसरा विवाह किया। लेकिन परिवार की इस असामान्य स्थिति का उनके व्यवहार व जीवन के नजरिये पर असर नहीं पड़ा। वे समाज के प्रति गहरे तक संवेदनशील रहे।

शुरुआती दिनों में रतन टाटा अपने सरनेम को लेकर असहज रहते थे। जब वे अमेरिका में पढ़ रहे तो खुश थे कि उनको ज्यादा नहीं पहचाना जाता। हालांकि, उन दिनों आरबीआई के सख्त नियमों के चलते विदेशों में विदेशी मुद्रा कम खर्च करने की अनुमति थी, अतः खर्चे के लिये उन्हें कम ही पैसे मिल पाते थे। पिता ने भी देश के कानून का उल्लंघन करके उन्हें ब्लैक में डॉलर उपलब्ध नहीं कराये। तब पैसे महीने से पहले खत्म होने पर उन्हें अमेरिका में छोटे-मोटे काम करने पड़ते थे। जिसमें दोस्तों से उधार लेने से लेकर बर्तन धोना भी शामिल था। उन्होंने कॉर्नेल वि.वि. से स्थापत्य कला व इंजीनियरिंग में डिग्री ली।

ये रतन टाटा की मेहनत-लगन के जुनून की बानगी थी कि उन्होंने एक श्रमिक की तरह जमशेदपुर में टाटा स्टील में काम की शुरुआत की। फिर उन्हें प्रोजेक्ट मैनेजर बनाया गया। कालांतर में प्रबंध निदेशक के सहयोगी बने। टाटा समूह के संस्थापक जेआरडी टाटा उनकी मेहनत व लगन से खासे प्रभावित हुए और उन्हें रुग्ण कंपनियों को संवारने का दायित्व दिया। जिसमें नेल्को की जिम्मेदारी भी शामिल थी, जो बाद में मुनाफा उगलने लगी। इस तरह उनके टाटा उद्योग का प्रमुख बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ। उनकी सादगी व जीवन मूल्यों का आलम ये था कि जब वे टाटा सन्स के प्रमुख बने तो जेआरडी के कमरे में बैठने के बजाय अपने बनाये साधारण कमरे में बैठे। उन्होंने कभी छोटे कर्मचारी व बड़े अधिकारी के आत्मसम्मान के बीच फर्क नहीं किया।

कालांतर में 86 वर्ष की अवस्था में जेआरडी टाटा द्वारा 1991 में रतन टाटा को टाटा समूह का अध्यक्ष बनाये जाने के बाद समूह की समृद्धि व साख में आशातीत वृद्धि हुई। वर्ष 2000 में उन्होंने टाटा समूह से दुगने बड़े ब्रिटिश टेटली ब्रांड को खरीदा। फिर यूरोप की दूसरी बड़ी इस्पात निर्माता कंपनी कोरस का अधिग्रहण किया। वर्ष 1998 में टाटा मोटर्स ने भारत में डिजाइन की गई पहली कार 'इंडिका' बाजार में उतारी, जिसे बाजार में सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिला। जब आर्थिक संकट से उबरने के लिये उन्होंने अमेरिका की मशहूर कार कंपनी फोर्ड से सौदा करना चाहा तो मालिक बिल फोर्ड ने तंज किया कि वे इस क्षेत्र में अनुभव के बिना क्यों उतरे।

टाटा की टीम बातचीत छोड़कर वापस आ गई। लेकिन इसके दस साल बाद ऐसा मौका आया कि आर्थिक संकट में फंसे होने पर रतन टाटा ने फोर्ड के मशहूर लग्जरी उत्पाद जैगुआर व लैंडरोवर का 2.3 अरब डॉलर में अधिग्रहण किया। तब फोर्ड ने उन पर उपकार करने की बात कही। भले ही आर्थिक विशेषज्ञ इन सौदों की तार्किकता पर सवाल उठाते रहे लेकिन उनके द्वारा स्थापित टाटा समूह की सॉफ्टवेयर कंपनी टीसीएस यानी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज ने पूरी दुनिया में धाक के साथ खासा मुनाफा कमाया।

टाटा न्यास निरंतर समाज सेवा, शिक्षा व समाज उत्थान के लिये आर्थिक योगदान देता रहा है। भारत के ऐसे अनमोल रत्न रतन टाटा आम भारतीय के अहसासों में सदैव विद्यमान रहेंगे।

जीवन मंत्र

आस-पास काफी खोज-बीनकर वह एक रस्सी ले आया, कुएं में उस रस्सी को फेंक फंदा बनाया, चांद को फंसाया। अब चांद तो क्या फंसता, एक चट्टान फंस गई!

कुएं में फंसा चांद

क्या कभी चांद कुएं में फंस सकता है? यह सुनकर हंसी आती है, लेकिन अपनी जिंदगी में हम इसी तरह व्यवहार करते हैं। जब भी कोई परेशानी आती है, हमें लगता है, जैसे चांद कुएं में उतरकर फंस गया हो। फिर हम बहुत दिमाग लड़ाते हैं, किताबें पढ़ते हैं, योग-तपस्या करते हैं, ताकि चांद को वहां से निकाल सकें।

ओशो एक कहानी कहते हैं कि चांदनी रात में एक पागल आदमी सुनसान रास्ते से गुजर रहा था। वह एक वृक्ष के पास रुका। वृक्ष के पास ही एक बड़ा-सा कुआं था। उस पागल आदमी ने कुएं में झांककर देखा, तो उसमें उसे चांद का प्रतिबिंब दिख रहा था। उसने सोचा, बेचारा चांद कुएं में कैसे गिर पड़ा! अब क्या करूं? कैसे मैं इसको बचाऊं? आस-पास काफी खोज-बीनकर वह एक रस्सी ले आया, कुएं में उस रस्सी को फेंक फंदा बनाया, चांद को फंसाया। अब चांद तो क्या फंसता, एक चट्टान फंस गई! वह आदमी पूरी ताकत लगाकर रस्सी खींचने लगा। चट्टान बड़ी थी। आखिरकार फंदा टूट गया, चट्टान फिर कुएं में गिर गई, और वह आदमी भी धड़ाम से गिरा- चारों खाने चित। कराहते हुए उसने जब आंखें खोलीं



और ऊपर देखा, तो चांद आकाश में भागा चला जा रहा था! उसने राहत की सांस ली- चलो, बचा तो दिया बेचारे को। मुझे थोड़ी-बहुत चोट लगी तो लगी, मगर चांद तो मुक्त हो गया। वह पागल जैसी बेवकूफी कर रहा था, वैसी ही बेवकूफी सामान्य आदमी करता है, जब वह सोचता है कि वह इस संसार में फंस गया है या दुखों से घिरा है। सभी बुद्ध पुरुषों का यही कहना है कि तुम चांद हो, कुएं में कैसे गिर सकते हो? मगर दुनिया इसी उलझन में पड़ी है, पागल की तरह, जिसका चांद कुएं में फंस गया था। ओशो कहते हैं, 'सत्य यह है कि मनुष्य कभी फंसा ही नहीं है। वह जो हमारे भीतर है, निरंतर मुक्त है। वह किसी बंधन में कभी नहीं हुआ है। लेकिन उसकी परछाईं फंस गई है। हम तो बाहर हैं, पर हमारी तस्वीर फंस गई है और हमें यह पता ही नहीं कि हम तस्वीर से ज्यादा भी हैं। हमें बस यही पता है कि हम अपनी तस्वीर हैं! यही मुश्किल हो गई है। हम सब अपनी तस्वीर को ही अपना होना समझे बैठे हैं!' इसीलिए ध्यान करने का इतना आग्रह है। ध्यान दरअसल बहुत सुकून भरी अनुभूति है। सचमुच कोई ध्यान में गहरे जाए, तो लगता है कि गहरे कुएं में उतर रहे हों। उस कुएं में दिखने वाला चांद हम स्वयं हैं। आसमान के चांद को तो लोग सदियों से देखते रहे हैं, एक आसमान अंदर भी है और उसका अपना चांद भी है, जो हम ही हैं। स्वयं चांद होने का यह एहसास बहुत सुखद होता है। आप भी इसका अनुभव करिए। – अमृत साधना

शख्सियत

निदा फ़ाज़ली

वह कवि जिसने सादगी से दिलों को छू लिया



निदा फ़ाज़ली, जिनका जन्म 12 अक्टूबर, 1938 को दिल्ली, भारत में हुआ था, एक प्रसिद्ध भारतीय उर्दू कवि और गीतकार थे। उनका पूरा नाम मुक्तीदा हसन निदा फ़ाज़ली था, लेकिन वे लोकप्रिय रूप से सिर्फ़ निदा फ़ाज़ली के नाम से जाने जाते थे। वे विद्वानों के परिवार में पले-बढ़े और साहित्य में उनकी रुचि कम उम्र से ही शुरू हो गई थी। हालाँकि उनका परिवार 1947 में विभाजन के दौरान पाकिस्तान चला गया था, लेकिन फ़ाज़ली ने देश की विविध संस्कृति के प्रति अपने प्रेम के कारण भारत में ही रहना चुना।

निदा फ़ाज़ली उर्दू और हिंदी साहित्य दोनों से बहुत प्रभावित थे, उन्होंने अपनी रचनाओं में इन भाषाओं को कुशलता से मिश्रित किया। उनकी शायरी में अक्सर आम लोगों के संघर्ष, उनकी भावनाएँ और आधुनिक जीवन की चुनौतियाँ झलकती थीं। उनकी सरल लेकिन शक्तिशाली लेखन शैली ने व्यापक दर्शकों को आकर्षित किया, जिससे वे सभी पीढ़ियों के प्रिय कवि बन गए।

उनकी शायरी का एक उल्लेखनीय पहलू मानवीय भावनाओं के साथ उसका गहरा जुड़ाव था। उन्होंने प्यार, नुकसान, अलगाव और रोज़मर्रा के अनुभवों के बारे में लिखा, ऐसी भाषा का इस्तेमाल किया जिसे हर कोई आसानी से समझ सकता था। उनकी प्रसिद्ध रचनाओं में लफ़्ज़ों का पुल और मोर नाच जैसे संग्रह शामिल हैं, जो विचारोत्तेजक और भावपूर्ण कविताओं से भरे हुए हैं।

फ़ाज़ली ने गीतकार के रूप में बॉलीवुड में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। आप तो ऐसे न थे और सुर जैसी फ़िल्मों में उनके गीत आज भी अपनी गहराई और सुंदरता के लिए याद किए जाते हैं।

उन्हें अपने करियर के दौरान कई पुरस्कार मिले, जिनमें साहित्य और शिक्षा में उनके योगदान के लिए 2013 में प्रतिष्ठित पद्म श्री भी शामिल है।

विभाजन के दौरान अपने माता-पिता के अलग होने जैसी व्यक्तिगत कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद, फ़ाज़ली की भावना और रचनात्मकता मजबूत रही। उन्होंने 8 फरवरी, 2016 को मुंबई में अपनी मृत्यु तक विभिन्न साहित्यिक आयोजनों में अपनी कविताएं लिखना और सुनाना जारी रखा।

निदा फ़ाज़ली की विरासत उनकी कालातीत कविताओं के माध्यम से जीवित है, जो पूरे भारत और उसके बाहर लोगों को प्रेरित और प्रतिध्वनित करती रहती है।

जीवन ऊर्जा

डॉ. राम मनोहर लोहिया: निधन 12 अक्टूबर 1967

देहावसान

डॉ. राम मनोहर लोहिया एक प्रमुख भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, समाजवादी नेता और विचारक थे। उनका जन्म 23 मार्च 1910 को हुआ था और उनका निधन 12 अक्टूबर 1967 को हुआ था। डॉ. राम मनोहर लोहिया ने सामाजिक न्याय, समानता और अहिंसा की वकालत की। जाति, गरीबी और लोकतंत्र पर लोहिया के प्रगतिशील विचारों ने भारत के राजनीतिक और सामाजिक परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी।

अहिंसा ही स्थायी शांति का सच्चा मार्ग है

सृजनात्मक कार्य के बिना सत्याग्रह क्रिया के बिना वाक्य के समान है। भारत का भविष्य समाजवाद में निहित है जो समानता को लोकतंत्र के साथ जोड़ता है। सामाजिक न्याय के बिना स्वतंत्रता अधूरी है। सच्चा लोकतंत्र केवल राजनीतिक समानता नहीं बल्कि आर्थिक समानता भी है। प्रगति का मार्ग गरीबों और दलितों के उत्थान में निहित है। गरीबी को दूर करना दान का विषय नहीं बल्कि न्याय का विषय है। जाति एक पाप है और आर्थिक असमानता एक अपराध है। धन में असमानता शक्ति में असमानता पैदा करती है। असली भारत गांवों में रहता है, शहरों में नहीं। शिक्षा का अंतिम उद्देश्य लोगों की सामाजिक चेतना को जगाना होना चाहिए। भूख का अस्तित्व किसी भी राष्ट्र पर एक धब्बा है। लोकतंत्र



विचारों की शक्ति से संचालित होना चाहिए, धन की शक्ति से नहीं। मानवता की उपेक्षा करने वाला राष्ट्रवाद खतरनाक है। भारत का आर्थिक विकास उसके अपने संसाधनों और प्रतिभा में निहित होना चाहिए। सच्ची स्वतंत्रता का अर्थ है गरीबी और असमानता का उन्मूलन। हिंसा से और अधिक हिंसा ही पैदा होती है; अहिंसा ही स्थायी शांति का सच्चा मार्ग है। किसी राष्ट्र की ताकत उसके सबसे कमजोर सदस्यों को ऊपर उठाने की क्षमता में निहित है। समाजवाद राज्य नियंत्रण के बारे में नहीं है, बल्कि सभी के लिए समानता और न्याय सुनिश्चित करने के बारे में है। सिद्धांतों के बिना राजनीति आत्मा के बिना शरीर की तरह है। कानून के समक्ष समानता का समाज में समानता में अनुवाद होना चाहिए। स्वतंत्रता की लड़ाई निरंतर है; यह राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ समाप्त नहीं होती है। भ्रष्टाचार लोकतंत्र और समाजवाद का दुश्मन है। सामाजिक क्रांति का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा सुनिश्चित करना है। राज्य को लोगों की सेवा करनी चाहिए, न कि इसके विपरीत। अहिंसा कमजोरों का नहीं बल्कि आत्मा से मजबूत लोगों का हथियार है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश

परहित सरिस धर्म नहीं भाई, पर पीड़ा सम नहीं अधमाई

(भाग 2)

यह सुनकर प्रभु बस मुस्कुरा भर दिए और अर्जुन से उस ब्राह्मण के पीछे जाने को कहा रास्ते में ब्राहमण सोचता हुआ जा रहा था कि दो पैसों से तो एक व्यक्ति के लिए भी भोजन भी नहीं आएगा फ़िर भी प्रभु ने उसे इतना तुच्छ दान क्यों दिया प्रभु की यह कैसी लीला है।

ऐसा विचार करता हुआ वह चला ही जा रहा था कि उसकी दृष्टि एक मछुवारे पर पड़ी उसने देखा कि मछुवारे के जाल में एक मछली फँसी है और वह छूटने के लिए तड़प रही है। ब्राहमण को उस मछली पर दया आ गयी। उसने सोचा इन दो पैसों से पेट की आग तो बुझेगी नहीं तो क्यों न इस मछली के प्राण ही बचा लिए जाए?

यह सोचकर उसने दो पैसों में उस मछली का सौदा कर लिया और मछली को अपने कमंडल में डाल लिया कमंडल में जल भरा

और मछली को नदी में छोड़ने चल पड़ा तभी मछली के मुख से कुछ निकला उस निर्धन ब्राह्मण ने देखा वह वही माणिक था जो उसने घड़े में छुपाया था ब्राहमण प्रसन्नता के मारे चिल्लाने लगा मिल गया मिल गया तभी भाग्यवश वह लुटेरा भी वहाँ से गुजर रहा था जिसने ब्राहमण की मुद्रायें लूटी थी उसने ब्राह्मण को चिल्लाते हुए सुना मिल गया मिल गया तो लुटेरा भयभीत हो गया उसने सोचा कि ब्राह्मण उसे पहचान गया है और इसीलिए चिल्ला रहा है अब जाकर राजदरबार में उसकी शिकायत करेगा इससे डर कर वह ब्राह्मण से रोते हुए क्षमा मांगने लगा और उससे लूटी हुई सारी मुद्रायें भी उसे वापस कर दी यह देख अर्जुन प्रभु के आगे नतमस्तक हुए बिना नहीं रह सके अर्जुन बोले प्रभु यह कैसी लीला हैजो कार्य थैली भर स्वर्ण मुद्राएँ और मूल्यवान माणिक नहीं कर सका वह आपके दो पैसों ने कर दिखाया। श्रीकृष्ण ने कहा हे अर्जुन यह अपनी सोच का अंतर है जब तुमने उस निर्धन को थैली भर स्वर्ण मुद्राएँ और मूल्यवान माणिक दिया तब उसने स्वार्थवश मात्र अपने सुख के विषय में ही सोचा किन्तु जब मैंने उसको दो पैसे दिए तब उसने दूसरे के दुःख को भी अनुभव किया।

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

प्रेरक प्रसंग

सफलता और कर्म

कल्पना करना और उसे हकीकत में बदलने के लिए जोखिम लेना ही आपकी सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। ज्ञान स्वयं में शक्ति नहीं है। ज्ञान, शक्ति में तभी परिवर्तित होता है जब इसे प्रयोग में लाया जाए। ज्ञान के रचनात्मक प्रयोग में कल्पनाशक्ति की आवश्यकता होती है। इस बात की मिसाल दी है स्पेस-एक्स के संस्थापक और टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने जो हाल में दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गये हैं। एलन मस्क की पहचान एक अमेरिकी उद्यमी के तौर पर है, पर उनका जन्म दक्षिण अफ्रीका में हुआ था। उनकी मां मूल रूप से कनाडा की हैं और पिता दक्षिण अफ्रीका के। मस्क को उन्हें बचपन से ही किताबें पढ़ने का बहुत शौक था। डगलस एडम्स की किताब 'हिचहाइकर्स गाइड टु द गैलेक्सी' ने मस्क का जीवन बदल दिया। इस किताब ने किशोर एलन मस्क (जन्म 1971) को मकसद दिया और उनमें बेचैनी बढ़ गई। दक्षिण अफ्रीका में रहते अंतरिक्ष खंगालने का अभियान मुमकिन न था, तो मस्क ने संभावनाओं की तलाश शुरू की। मां की मदद से कनाडा की नागरिकता हासिल करते हुए वह प्रौद्योगिकी के गढ़ अमेरिका जा पहुंचे। सितारों तक पहुंचने की जल्दी थी। पीएचडी करने के लिए दाखिला लिया, लेकिन दो दिन में ही लग गया कि तय मकसद में पढ़ाई बहुत कारगर नहीं होगी। सीधे हकीकत में उतरकर खोज में लगना होगा और शायद उससे पहले खोज की दिशा में बढ़ने के लिए संसाधन जुटाने पड़ेंगे। भाई और मित्र के साथ मिलकर एक आईटी कंपनी बनाई। कंपनी चल निकली, तो उसे बेचकर मस्क अमीरों में शुमार हो गए। एक और आईटी कंपनी बनाई, उसे भी बेच दिया, और भी ज्यादा अमीर हो गए। उसके बाद 30 की उम्र में पहुंच गए रूस रॉकेट खरीदने। रूसियों ने उनके इरादों को महत्व नहीं दिया। मस्क का ख्वाब था कि रॉकेट के जरिए पहले चूहों को मंगल पर बस्ती बसाने भेजना है या कुछ पौधों को। जब दूसरी बार भी रूसियों ने खाली हाथ लौटा दिया, तब लौटते वक्त हवाई जहाज में ही मस्क के मन में आया कि क्यों न खुद ही रॉकेट तैयार कर लिया जाए। और यहां से हुई स्पेसएक्स कंपनी की शुरुआत। कदम-कदम पर अड़चनें आती रहीं। लगे हाथ कार निर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, प्रौद्योगिकी विकास जैसे अनेक उद्यम भी चलते रहे। सपना इतना बड़ा था और इरादे इतने फौलादी कि दौलत कदम चूमती चली। एक दिन वह भी आया, जब मस्क 49 की उम्र में ही पूरी दुनिया के सबसे अमीर इंसान बन गए। एक वह भी दिन था, जब उन्हें ब्वॉयलर की सफाई का काम मिला था, जिसके लिए प्रति घंटा 18 डॉलर मिलते थे और आज वह प्रति घंटा करीब 140 करोड़ रुपये कमा रहे हैं। बेशक, कल्पनाएं ही होती हैं, जो जिंदगी को उड़ान देती हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

प्रह्लाद की भक्ति

बहुत समय पहले की बात है, एक शक्तिशाली राक्षस राजा हिरण्यकश्यपु का शासन था। वह बहुत कठोर और अहंकारी था। हिरण्यकश्यपु चाहता था कि सभी लोग उसकी पूजा करें और उसे भगवान मानें। लेकिन उसका अपना बेटा, प्रह्लाद, भगवान विष्णु का परम भक्त था। प्रह्लाद की भक्ति इतनी गहरी थी कि वह हर समय भगवान विष्णु के नाम का जाप करता था।

हिरण्यकश्यपु ने अपने पुत्र को कई बार समझाने की कोशिश की कि वह भगवान विष्णु की पूजा छोड़कर उसकी पूजा करे, लेकिन प्रह्लाद ने मना कर दिया। उसने अपने पिता से कहा, ₹भगवान विष्णु ही सच्चे भगवान हैं और मैं उनकी भक्ति कभी नहीं छोड़ सकता।₹

इस बात से हिरण्यकश्यपु बहुत क्रोधित हुआ और उसने प्रह्लाद को सजा देने का निश्चय किया। उसने अपने सैनिकों को आदेश दिया कि वे प्रह्लाद को ऊँचे पहाड़ से गिरा दें, परन्तु जैसे ही प्रह्लाद नीचे गिरा, भगवान विष्णु ने उसे बचा लिया। फिर हिरण्यकश्यपु ने प्रह्लाद को जंगली हाथियों के सामने डाल दिया, लेकिन हाथी उसे नुकसान नहीं पहुँचा सके। हिरण्यकश्यपु ने प्रह्लाद को विष देने की भी कोशिश की, पर विष भी भगवान की कृपा से अमृत बन गया।

हिरण्यकश्यपु ने आखिरकार अपनी बहन होलिका को बुलाया। होलिका के पास एक ऐसा वस्त्र था जिसे पहनकर आग में जलाया नहीं जा सकता था। होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठ गई, ताकि प्रह्लाद जल जाए। लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित रहा और होलिका आग में जलकर राख हो गई।

आखिरकार, हिरण्यकश्यपु ने अपने पुत्र से पूछा, ₹तुम्हारे भगवान कहां हैं? अगर वे इतने महान हैं, तो क्या वे इस खंभे में भी हैं?₹ प्रह्लाद ने विश्वासपूर्वक कहा, ₹हाँ, भगवान हर जगह हैं। इस खंभे में भी।₹

यह सुनकर हिरण्यकश्यपु ने क्रोध में आकर खंभे पर जोर से प्रहार किया। तभी खंभे से भगवान विष्णु नरसिंह अवतार में प्रकट हुए—आधे सिंह और आधे मानव। उन्होंने हिरण्यकश्यपु का वध किया और प्रह्लाद को उसकी भक्ति के कारण आशीर्वाद दिया।

इस कहानी से यह सिखने को मिलता है कि सच्ची भक्ति और विश्वास से बड़े से बड़ा संकट भी टल जाता है। प्रह्लाद की भगवान विष्णु में अटूट आस्था और भक्ति ने उसे हर मुश्किल से बचाया। यह कहानी बच्चों को सिखाती है कि हमें अपने विश्वास पर अडिग रहना चाहिए, चाहे कोई भी परिस्थिति क्यों न हो। भगवान हमेशा अपने भक्तों की रक्षा करते हैं।

शिक्षाः ईश्वर में अटूट विश्वास रखने से कठिन से कठिन परिस्थितियां भी आसान हो जाती हैं।

कबूतरों का जाल से छूटना



बहुत समय पहले की बात है, एक घने जंगल के पास एक किसान रहता था। उस जंगल में कई प्रकार के पक्षी रहते थे, और वही किसान अपने खेतों की सुरक्षा के लिए कभी-कभी जाल बिछाता था ताकि पक्षी उसकी फसल को नुकसान न पहुँचाएँ।

एक बार, किसान ने खेत में एक जाल बिछाया और कुछ अनाज उसमें डाल दिया। कुछ ही देर बाद, एक झुंड कबूतर उस रास्ते से उड़ते हुए निकला। कबूतरों के राजा ने अनाज देखा और सोचा, इतना सारा अनाज, हमें इसे खा लेना चाहिए। राजा ने अपने साथियों से कहा, ₹यह अवसर बहुत अच्छा है, आओ, हम सब इस अनाज को खा लेते हैं।

सभी कबूतर नीचे उतरे और अनाज खाने लगे। लेकिन जैसे ही उन्होंने अनाज खाना शुरू किया, वे सब जाल में फंस गए। अब सभी कबूतर बहुत घबरा गए। वे जाल से निकलने की कोशिश करने लगे, पर जाल बहुत मजबूत था और वे सब फंसते चले गए।

कबूतरों का राजा बहुत बुद्धिमान था। उसने अपने साथियों से कहा, ₹डरो मत! घबराने से कुछ नहीं होगा। अगर हम सब मिलकर एक साथ प्रयास करेंगे, तो हम इस जाल से बाहर निकल सकते हैं। हमें एकता की शक्ति पर विश्वास करना चाहिए।

राजा की बात सुनकर सभी कबूतरों ने एक साथ उड़ने का प्रयास किया। सभी कबूतरों ने अपनी पूरी ताकत लगाई और एक साथ जाल को लेकर हवा में उड़ गए। किसान ने यह दृश्य देखा और हैरान रह गया कि कबूतर जाल को लेकर उड़ रहे हैं।

कबूतरों का झुंड जाल को लेकर एक दोस्त चूहे के पास गया, जो जंगल के किनारे रहता था। कबूतरों के राजा ने चूहे से कहा, मित्र, हमें आपकी मदद की जरूरत है। कृपया इस जाल को काट दो ताकि हम आज़ाद हो सकें।

चूहे ने तुरंत अपनी तेज दांतों से जाल को काटना शुरू किया। उसने बहुत तेजी से काम किया और थोड़े ही समय में जाल को काटकर सभी कबूतरों को आज़ाद कर दिया। सभी कबूतर चूहे को धन्यवाद देते हुए खुशी-खुशी उड़ गए।

शिक्षा: इस कहानी से हमें यह सिखने को मिलता है कि एकता में बहुत शक्ति होती है। अगर हम सब मिलकर काम करें, तो किसी भी मुश्किल का सामना आसानी से कर सकते हैं। साथ ही, हमें हमेशा दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

वर्षावन का है स्पाइडर-मैन

लाल आंखों वाला मेढ़क

अरे, बच्चों! क्या आप जीवन के असली सुपरहीरो से मिलने के लिए तैयार हैं? यहां, हम किसी जादुई शक्तियों वाली लड़की या लड़की बात नही कर रहे हैं – बल्कि मैं लाल आंखों वाले पेड़ मेंढक की बात कर रही हूं! यह छोटा मेंढक वर्षावन के स्पाइडर-मैन जैसा है, लेकिन इमारतों से झूलने के बजाय, यह पेड़ से पेड़ पर कूदता है। इसकी आंखें चेरी की तरह लाल और चमकीली हैं। यह स्पाइडर मैन नींबू की तरह हरा दिखाई देती है। आंखें जितनी बड़ी उतनी ही लाल चमकीली और सुंदर होती है। बिल्कुल एक कार्टून चरित्र की तरह उभरी हुई। जब यह मेंढक डरता है, तो अपने दुश्मनों को आश्चर्यचकित करने के लिए अपनी लाल आंखें चौड़ी करता है, बिल्कुल एक मज़ेदार हेलोवीन मास्क की तरह! इसके नारंगी पैर भी हैं जो सुपर ग्लू की तरह हर चीज से चिपक सकते हैं! यह मेंढक जंगल में रहता है जहां इसे पत्तों के बीच लुका-छिपी खेलना बहुत पसंद है। यह कोई साधारण मेंढक नहीं है; यह सबसे शानदार, सबसे रंगीन मेंढक है! आइए लाल आंखों वाले पेड़ मेंढक की अद्भुत दुनिया में कूदें और इसके सभी मज़ेदार कारनामों और विशेष चालों की खोज करें! क्या आप तैयार हैं? तो चलिए!

रंगों की दुनिया

लाल आंखों वाला पेड़ मेंढक ऐसा दिखता है जैसे उसे इंद्रधनुष से रंगा गया हो। एक ऐसे मेंढक की कल्पना करें जिसकी चमकदार लाल आँखें माणिक की तरह चमकती हों, एक ऐसा शरीर जो ताज़ी पत्तियों की तरह चूने के हरे रंग का हो, और किनारों पर नीली और पीली धारियाँ हों। और अगर यह काफी रंगीन नहीं है, तो उसके नारंगी रंग के पैर और चिपचिपे पंजे हैं! ये चिपचिपे पंजे मेंढक को स्पाइडर-मैन की तरह चढ़ने देते हैं, जो वर्षावन में पेड़ों और पत्तियों से चिपके रहते हैं।

लेकिन मेंढक इतना रंगीन क्यों है? क्या यह खतरनाक नहीं है? आपको लगता होगा कि इससे शिकारियों के लिए मेंढक को देखना आसान हो जाएगा, है न? वास्तव में नहीं! इस सुपरहीरो मेंढक के पास एक तरकीब है। जब यह आराम कर रहा होता है, तो यह अपने पैरों को मोड़ लेता है, अपने रंगीन किनारों को अंदर कर लेता है, और अपनी बड़ी लाल आँखें बंद कर लेता है। अचानक, यह एक छोटी हरी गेंद में बदल जाता है, जो पत्तियों के साथ पूरी तरह से घुलमिल जाती है। लेकिन अगर खतरा नज़दीक आता है – जैसे कि भूखा साँप या पक्षी – तो यह अपनी आँखें चौड़ी करके, चमकीले लाल रंग की चमक बिखेरता है! यह ₹चौंकाने वाला प्रभाव₹ शिकारी को आश्चर्यचकित करता है, जिससे मेंढक को छलांग लगाने के लिए एक पल का समय मिल जाता है। कौन जानता था कि एक मेंढक खतरे से बचने के लिए लुका-छिपी खेल सकता है?

सुपर जम्पर

लाल आंखों वाला पेड़ मेंढक न केवल छिपने में अच्छा है – यह एक अद्भुत जम्पर भी है! अपने लंबे पैरों के साथ, यह मेंढक पेड़ की शाखाओं के बीच लंबी दूरी तक छलांग लगा सकता है। यह एक सुपरहीरो की तरह एक इमारत से दूसरी इमारत पर कूदने जैसा है। ये शक्तिशाली छलांगें मेंढक को खतरे से बचने, भोजन पकड़ने और जंगल में तेज़ी से घूमने में मदद करती हैं। ज़रा सोचिए कि आप अपनी खुद की ऊंचाई से दस गुना ज़्यादा छलांग लगा सकते हैं – ये मेंढक इतनी दूर तक छलांग लगा सकते हैं!

रात के समय के रोमांच

लाल आंखों वाले पेड़ के मेंढकों में रात में सक्रिय रहने की शक्ति होती है, जिसका मतलब है कि वे रात में सबसे ज़्यादा सक्रिय होते हैं। जब हम सो रहे होते हैं, तो वे जंगल में खोजबीन करते हैं, एक शाखा से दूसरी शाखा पर कूदते हैं और भोजन की तलाश करते हैं। वे मक्खियों, पतंगों और झींगुरों जैसे स्वादिष्ट कीड़ों का मज़ा लेते हैं। लेकिन चिंता न करें—वे हम इंसानों को खाने के बहुत शौकीन नहीं हैं! उनका पसंदीदा भोजन छोटे कीड़े हैं, और कभी-कभी वे एक या दो छोटे मेंढक भी खा सकते हैं।

इससे भी ज़्यादा मजेदार बात यह है कि वे अपना भोजन कैसे पकड़ते हैं। क्या आपने कभी कोई वीडियो गेम खेला है जिसमें किरदार चीज़ों को पकड़ने के लिए एक खास उपकरण का इस्तेमाल करता है? खैर, लाल आंखों वाले पेड़ के मेंढक के पास एक अंतर्निहित उपकरण है—उसकी जीभ! मेंढक की जीभ बहुत तेज़ और चिपचिपी होती है। जब उसे कोई कीड़ा दिखाई देता है, तो वह चाबुक की तरह अपनी जीभ बाहर निकालता है, कीड़े को पकड़ता है और जल्दी से उसे अपने मुँह में खींच लेता है। यह ऐसा है जैसे उसके मुँह में कोई गुप्त गैजेट हो!

जीवन एक पत्ते से शुरू होता है

कभी सोचा है कि लाल आंखों वाले पेड़ के मेंढक कहाँ से आते हैं? यह सब एक पत्ते से शुरू होता है! जब मादा मेंढक अपने अंडे देती है, तो वह कई अन्य मेंढकों की तरह पानी में ऐसा नहीं करती है। इसके बजाय, वह उन्हें पानी के ऊपर लटके हुए पत्ते के नीचे रखती है। छोटे, जेली जैसे अंडे जमीन पर शिकारियों से सुरक्षित रहते हैं। लेकिन यहाँ सबसे मजेदार बात यह है: जब बच्चे मेंढक, जिन्हें टैडपोल कहा जाता है, अंडे से बाहर निकलते हैं, तो वे सीधे नीचे पानी में गिर जाते हैं! यह बच्चे मेंढकों के लिए एक छोटी स्लाइड की तरह है, और यह उन्हें तब तक सुरक्षित रखता है जब तक वे मेंढक बनने और पेड़ों पर वापस चढ़ने के लिए पर्याप्त मजबूत नहीं हो जाते।

सुपर सर्वाइवल स्किल्स

भले ही लाल आंखों वाला पेड़ मेंढक छोटा है, लेकिन यह एक सच्चा उत्तरजीवी है। जंगल में, खतरा हमेशा छिपा रहता है, लेकिन इस मेंढक के पास बचने के कुछ बेहतरीन तरीके हैं:

छलावरण लबादा: इसका हरा रंग पत्तियों के साथ मिल जाता है, जिससे यह शिकारियों के लिए लगभग अदृश्य हो जाता है।

चिपचिपा सुपरपावर: वे चिपचिपे नारंगी पंजे सक्शन कप की तरह काम करते हैं, जिससे मेंढक बिना गिरे शाखाओं और पत्तियों से चिपके रहते हैं।

आई फ्लैश: इसकी बड़ी लाल आंखें इसका गुप्त हथियार हैं। जब कोई शिकारी बहुत करीब आता है, तो यह उन्हें चौंका करके दुश्मन को एक पल के लिए डराता है, जो भागने के लिए पर्याप्त समय होता है! ओह, और क्या आप जानते हैं? भले ही उनके रंग चमकीले हों, लेकिन लाल आंखों वाले पेड़ के मेंढक जहरीले नहीं होते हैं। वर्षावन में कई चमकीले रंग के मेंढक जहरीले होते हैं, लेकिन यह छोटा सा मेंढक नहीं है। यह मुसीबत से दूर रहने के लिए अपनी चपलता और चतुर चालों पर निर्भर करता है।

मजेदार मेंढक तथ्य

ये मेंढक अपने सक्शन-कप जैसे पंजों की वजह से बेहतरीन पर्वतारोही होते हैं।

वे अपनी आँखें आधी खुली रखकर सो सकते हैं, इसलिए वे हमेशा खतरे के लिए तैयार रहते हैं। लाल आंखों वाले पेड़ के मेंढक जंगल में 5 साल तक जीवित रह सकते हैं, जो एक छोटे मेंढक के लिए काफी लंबा समय है!

भले ही वे छोटे होते हैं, केवल 2 से 3 इंच लंबे, वे कीड़ों को खाकर वर्षावन के पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखने में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

कविता

पर्वत कहता



पर्वत कहता
शीश उठाकर
तुम भी ऊँचे बन जाओ।
सागर कहता है
लहराकर
मन में गहराई लाओ।
समझ रहे हो
क्या कहती है
उठ-उठ गिर गिर तरल तरंग।
भर लो, भर लो
अपने मन में
मीठी-मीठी मृदुल उमंग।
धरती कहती
धैर्य न छोड़ो
कितना ही हो सिर पर भार।
नभ कहता है
फैलो इतना
ढक लो तुम सारा संसार।

– सोहन लाल द्विवेदी

राशिफल

प्रियंका जैन

मेष आज पिता के स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में विशेषकर स्त्रियां सावधानी रखें। कार्यों की गति धीमी रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें।

वृष आज कार्य की गति धीमी रह सकती है। आशंका-कुशंका के चलते मन अशांत रहेगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार में वृद्धि के योग हैं।

मिथुन जीवनसाथी से कहासुनी हो सकती है। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर होगी। करियर बनाने के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। पारिवारिक सहयोग से कार्य में आसानी होगी।

कर्क बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ के असवर हाथ आएंगे। यात्रा में सावधानी रखें। किसी पारिवारिक आनंदोत्सव में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

सिंह आज कोई बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। पारिवारिक चिंताएं रहेंगी। मेहनत अधिक तथा लाभ कम होगा। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। मातहतों का सहयोग नहीं मिलेगा। कुसंगति से बचें, हानि होगी।

कन्या मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता रहेगी। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बनेगी।

तुला दूर से अच्छी खबर प्राप्त हो सकती है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। कोई बड़ा काम करने की योजना बनेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर में अतिथियों पर व्यय होगा। किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है।

वृश्चिक प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट से कार्य में रुकावट होगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी।

धनु अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। यात्रा में जल्दबाजी न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। स्वास्थ्य पर बड़ा खर्च हो सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। आय में कमी रहेगी। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

मकर विवेक का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। कोई बड़ी बाधा से सामना हो सकता है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। रुका हुआ धन मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। किसी अपने के व्यवहार से दुःख होगा।

कुंभ समाजसेवा में रुझान रहेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नई आर्थिक नीति बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पुरानी व्याधि से परेशानी हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

मीन आज लाभ के अवसर हाथ आएंगे। धर्म-कर्म में मन लगेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। राजकीय अवरोध दूर होंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। निवेश शुभ रहेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

स्टडी रुम का वास्तु सुधारें और बढ़ाएं अपनी अध्ययन क्षमता



प्रियंका जैन
9769994439

कुछ बातों को ध्यान में रख कर हम वास्तु निर्मित अध्ययन कक्ष में सकारात्मक ऊर्जा की बयार बहा सकते है जिससे हर क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्चतम सफलता मिलेगी। जैसेः-

◆अध्ययन कक्ष को पूजा कक्ष से सटा कर और दरवाजे की स्थिति उत्तर-पूर्व या पश्चिम में रखें। किन्तु दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-पश्चिम या उत्तर-पश्चिम में न रखें इससे भ्रम उत्पन्न होते हैं।

◆चौकोर टेबल का प्रयोग करें जो चारों पांवों में समानता रखती हो।

◆टेबल को दक्षिण-पश्चिम या दरवाजे के सामने न लगाएं। इससे बुद्धि का पतन होता है।

◆टेबल को दरवाजे या दीवार से न सटाएं। जिससे विषय याद रहेगा, रूचि बढ़ेगी।

◆लाइट के नीचे या उसकी छाया में टेबल सेट न करें। इससे अध्ययन प्रभावित होगा।

◆उत्तर-पूर्व या पूर्व वाले कमरे में अध्ययन कक्ष की व्यवस्था करें यह शुभ, प्रेरणाप्रद रहेगा।

- दक्षिण व दक्षिण-पूर्व दिशा वाले कमरे में अध्ययन कक्ष की व्यवस्था से बचें, यह अशुभ व तनावयुक्त स्थिति दे सकता है।

◆कोशिश करें कि नार्थ-वेस्ट में बैठकर भी अध्ययन न करें। इससे पढ़ाई में मन नहीं लगेगा, एकाग्रता भंग होगी।

◆उत्तर-पूर्व में मां सरस्वती, गणेश की प्रतिमा और हरे रंग की चित्राकृतियां लगाएं।

◆अध्ययन कक्ष में शान्ति और सकारात्मक वातावरण होना चाहिए। शोरगुल आदि न हो।

◆स्मरण व निर्णय शक्ति हेतु दक्षिण में टेबल सेट कर उत्तर या पूर्व की ओर मुंह कर अध्ययन करें। उत्तर-पूर्व विद्यार्थी को योग्य बनाने में सहायक होती है।

◆अध्ययन कक्ष के मध्य भाग को साफ व खाली रखें। जिससे ऊर्जा का संचार होता रहेगा।

◆अगर मन उचटता हो, तो बगुले का चित्र लगाना चाहिए, जो ध्यान की चेष्टा में हो।

◆लक्ष्य प्राप्ति हेतु एकलव्य, अर्जुन की चित्राकृतियां लगानी चाहिए।- टेबल पर सफेद रंग की चादर बिछाएं। विद्या की देवी मां सरस्वती को प्रणाम कर अध्ययन शुरू करें।

◆जो परीक्षार्थी घर से बाहर या हॉस्टल आदि में रहते हैं। जिनके लिए यह संभव नहीं हो वह पूर्व दिशा की ओर मां सरस्वती या नृत्य करते या लिखते हुए गणेश जी का चित्र स्थापित करें और उन्हें अध्ययन के पहले और बाद में प्रणाम करें तो उनका भी एनर्जी लेवल बढ़ेगा।

इस प्रकार की अनुकूल वास्तुस्थितियों से अवश्य ही परीक्षार्थियों को सफल होने में सहायता प्राप्त होगी, मन लगेगा, एनर्जी लैवल भी बढ़ेगा और उनकी अध्ययन क्रिया में प्रतिक्रिया रूप नकारात्मक (निगेटिव) ऊर्जा बाधा नहीं बनेगी।

खबर संक्षेप

रेल हादसा: बिहार जा रही एक्सप्रेस ट्रेन की मालगाड़ी से टक्कर

मैसूर। तमिलनाडु में शुक्रवार की रात रेल हादसा हो गया। बिहार जा रही बागमती एक्सप्रेस मालगाड़ी से टकरा गई, जिसके बाद कम से कम दो डिब्बे पटरी से उतर गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रेन में आग भी लग गई। शुरुआती जानकारी के अनुसार, यह ट्रेन मैसूर से पेरम्बूर होते हुए बिहार के दरभंगा जा रही थी। इसी दौरान ट्रेन की तिरुवल्लूर के पास कवारप्पेट्टई रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक मालगाड़ी से टकर हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही रेलवे अधिकारी दुर्घटनास्थल पहुंच गए हैं।

मलहरिया गांव में मिली लाश, हत्या की आशंका

अररिया। महलगांव थाना क्षेत्र के बागनगर पंचायत अंतर्गत मलहरिया गांव के 51 वर्षीय प्रेमलाल ऋषिदेव की लाश मिली है। प्रेमलाल ऋषिदेव की शव मरिया धार पानी से महलगांव पुलिस ने शुक्रवार को बरामद किया है। परिजन इसे हत्या बता रहे हैं। वहीं महलगांव थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा। शव पूरी तरह पानी में गल गया है। इसलिए पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भागलपुर भेजा गया है। गौरतलब है कि शव मलहरिया गांव से एक किलोमीटर दूर मरिया धार के निकट बरामद किया गया है। सूचना मिलते ही आसपास के सैकड़ों लोगों की भीड़ शव को देखने जुट गयी। शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गयी है। परिजनों का कहना है कि प्रेमलाल की हत्या कर शव को किसी ने पानी में फेंक दिया है। पुलिस सभी बिंदूओं पर छानबीन कर रही है।

बकाया वेतन की मांग पर 24 अक्टूबर से हड़ताल पर जाएंगे एंबुलेंसकर्मी

धनबाद: अगर यही स्थिति रही, तो आने वाले दिनों में झारखंड के गरीब रोगियों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाएगा। 108 एंबुलेंसकर्मियों ने हड़ताल पर जाने की चेतावनी दे दी है। ये लोग अपने बकाया वेतन के भुगतान की मांग कर रहे हैं। एंबुलेंस का संचालन करने वाली एजेंसी के कर्मियों को त्योहार के सीजन में भी वेतन नहीं मिला। एजेंसी पर वेतन का भुगतान करने के लिए दबाव बनाने के तहत कर्मियों ने हड़ताल पर जाने का मन बना लिया है। कहा है कि अगर उनके बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो 24 अक्टूबर से झारखंड में 108 एंबुलेंस सेवा को ठप कर दिया जाएगा।

यूपी सरकार की नई पहल

अमेठी, अमरोहा, बांदा समेत कई जिलों में प्लॉटों की होगी मेगा नीलामी

एजेंसी । लखनऊ

यूपी में औद्योगिक और व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में योगी सरकार ने एक नई पहल की है। सीएम योगी के विजन अनुसार, राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) 43 औद्योगिक व व्यवसायिक भूखंडों की मेगा ई-नीलामी होगी। इसकी प्रक्रिया को जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा। यूपीसीडा की इस मौजूदा प्रक्रिया में बरेली, जालौन, बाराबंकी, प्रयागराज, मुरादाबाद व ट्रांस गंगा सिटी उन्नाव के विभिन्न व्यवसायिक प्लॉट्स की होगी नीलामी होगी। इन व्यवसायिक भूखंडों का वेयर हाउस, होटल, ग्रुप हाउसिंग, मल्टीप्लेक्स, पेट्रोल पंप हॉस्पिटल समेत विभिन्न प्रकार की व्यवसायिक गतिविधियों के संचालन के लिए इस्तेमाल हो सकेगा। इतना ही नहीं, यूपीसीडा द्वारा अमेठी, अमरोहा, बांदा व हमीरपुर में मेगा ई-नीलामी के जरिए औद्योगिक भूखंडों के आवंटन का भी मार्ग प्रशस्त किया जाएगा।

शुक्रवार से शुरु हुई आवेदन प्रक्रिया



इस मेगा ई-नीलामी में भाग लेने के लिए आवेदन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। मेगा ई-नीलामी में सम्मिलित सभी प्लॉट्स का रिजर्व प्राइस तय है और इसी आधार पर आवेदनकर्ता इन भूखंडों को प्राप्त करने के लिए करोड़ों की बोली लगा सकेंगे। प्रक्रिया के अंतर्गत कैटलॉग फीस, प्रोसेसिंग फीस व ईएमडी भुगतान करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर निर्धारित की गई है। वहीं, सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 18 अक्टूबर निर्धारित की गई है। 25 अक्टूबर को मेगा ई-नीलामी का आयोजन प्रस्तावित है जिसके जरिए भूखंड आवंटन प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इस विषय में अधिक जानकारी के लिए यूपीसीडा की आधिकारिक वेबसाइट पर क्लिक करके जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

बिजली विभाग से परेशान मूर्ति पूजा कमेटी के लोगों में आक्रोश

बीजेपी सरकार पर यातना का लगाया आरोप

एजेंसी । आज़मगढ़

डीजे बजाने और मूर्ति पंडालों में लाइट जलाने में रुकावट डालने के खिलाफ आजमगढ़ में मूर्ति पूजा कमेटी के लोग लामबंद हो गए। कमेटी के लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग के कर्मचारी लाइट बंद करवा रहे। आज तक यह किसी सरकार में नहीं हुआ था। पहली बार ऐसा काम बीजेपी सरकार में ही हो रहा। मूर्ति पूजा कमेटी के लोगों ने पंडाल के पट गिरा कर इसका विरोध जताया। कमेटी के विरोध के बाद बीजेपी के नेताओं ने पहुंच कर किसी तरह

मान मनौवल कर के मामले को शांत कराया। आपको बता दें कि आजमगढ़ शहर में गुरुवार की शाम को जगह जगह स्थापित दुर्गा पूजा पंडालों पर सजावट और साउंड बजाने को लेकर बिजली विभाग व पुलिस प्रशासन के रवैय्ये के विरोध में नगर दुर्गा पूजा महासमिति के लोग लामबंद हो गए। अचानक से नए नए फरमान का आरोप लगा कर पूजा पंडालों के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए। मूर्ति कमेटी के लोगों का कहना था कि आज तक किसी की सरकार में इस तरह से मूर्ति कमेटी के लोगों को कभी प्रताड़ित नहीं किया गया था। बीजेपी के सरकार में अधिकारी एफआईआर की धमकी देकर डराना चाह रहे हैं यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं इसकी शिकायत बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं को जानकारी देने के साथ ही मुख्यमंत्री को ट्वीट करने की बात कही गई। बीजेपी जिला महामंत्री हरबंश मिश्र ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को यहां का प्रशासन बदनाम करना चाह रहा है।

भ्रष्टाचार के आरोप में जौनपुर के CRO और बिजनौर के SDM निलंबित

एजेंसी । जौनपुर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में हो रहे करप्शन को लेकर कड़ा एक्शन लिया है। उन्होंने जौनपुर के मुख्य राजस्व अधिकारी (CRO) गणेश प्रसाद सिंह और बिजनौर के SDM आदेश सिंह सागर को भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया है। दोनों पीसीएस अफसरों को राजस्व परिषद से अटैच किया गया है। जांच में दोनों अफसरों पर लगाए गए आरोपों की पुष्टि हुई है, जिसके आधार पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

जौनपुर के सीआरओ पर वित्तीय अनियमितता का आरोप

जौनपुर के मुख्य राजस्व अधिकारी (सीआरओ) गणेश प्रसाद सिंह पर लगे सभी आरोप जांच में सही पाए गए हैं। डीएम ने नियुक्ति विभाग को उन्हें निलंबित किए जाने के संबंध में पत्र भेजा था। दरअसल, गणेश प्रसाद सिंह पर सरकारी कामकाज में गड़बड़ी के साथ-साथ वित्तीय अनियमितता का आरोप है।

एसडीएम आदेश सिंह सागर ने लिए थे 4 लाख रुपए

वहीं, बिजनौर के एसडीएम आदेश सिंह सागर पर लगे आरोप भी सही पाए गए हैं। दरअसल, मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक फिरोजाबाद में तैनाती के दौरान एसडीएम आदेश सिंह सागर ने पीड़ित की जमीन में गड़बड़ी की थी। उन्होंने पीड़ित की जमीन का कुछ हिस्सा अपने कंप्यूटर ऑपरेटर के नाम किया और 4 लाख रुपए लिए थे।

युवाओं को लेकर योगी सरकार का बड़ा फैसला

हर जिले में रखे जाएंगे युवा फेलो, 40 हजार मिलेगी सैलेरी

एजेंसी । लखनऊ

युवाओं को लेकर योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। योगी सरकार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान को तैयार कर अब इसे लागू करने के लिए दस साल की योजना बनाई है। लाखों बेरोजगार युवाओं को इस योजना का लाभ आसानी से दिलाने के लिए हर जिले में सीएम युवा फेलो रखे जाएंगे। इन्हें चालीस हजार के वेतन पर आउटसोर्सिंग के जरिए रखा जाएगा। 85 डाटा इंट्री आपरेटर रखे जाएंगे। राजधानी में एक मिशन कार्यालय बना कर एक आईएएस अधिकारी को मिशन डायरेक्टर बनाया जाएगा। इस योजना के अमल की निगरानी के लिए जिले, राज्य व मुख्य सचिव स्तर पर तीन अलग अलग कमेटियां बनाई जाएंगी।

85 डाटा इंट्री आपरेटर रखे जाएंगे

मिशन डायरेक्टर, एडिशनल मिशन डायरेक्टर के अलावा चार संयुक्त निदेशक, महाप्रबंधक वित्त, वित्त लेखाधिकारी, चार सहायक लेखाधिकारी, चार डिप्टी मिशन डायरेक्ट की भर्ती प्रतिनियुक्ति के जरिए होगी। 160 मुख्यमंत्री युवा फेलो व 85 डाटा इंट्री आपरेटर भी आउटसोर्सिंग के जरिए रखे जाएंगे। आपरेटरों को हर महीने 15000 रुपये दिए जाएंगे। मिशन निदेशक एक मिशन टास्क फोर्स का गठन करेगा। यह दस साल में दस लाख एमएसएमई इकाईयों की स्थापना कराने के लिए ब्याज मुक्त कर्ज दिलाने का काम करेगा।

तीन कमेटियां के जरिए अभियान को दी जाएगी धार

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय शासकीय समिति बनेगी। इसमें औद्योगिक विकास, एमएसएमई विभाग समेत दस विभागों के प्रमुख सचिवों को रखा जाएगा। राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति के अध्यक्ष अपर मुख्य सचिव एमएसएमई अध्यक्ष होंगे। यह योजना का पूरी तरह संचालन करेगी। मिशन के संचालन के लिए जिला कार्यक्रम प्रबंधन यूनिट डीएम की अध्यक्षता में होगी। इसके अलावा राज्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई बनेगी। तंबाकू, गुटखा, पान मसाला, पटाखो का निर्माण, प्लास्टिक कैरीबैग 40 माइक्रॉन से कम व प्रतिबंधित श्रेणी के अन्य उत्पाद वाले उद्योग लगाने पर इस सुविधा का लाभ नहीं मिलेगा।

देश के सभी स्टेशनों पर लगाए जाएं स्वच्छता चौपाल, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने दिया निर्देश

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्र सरकार के तहत चलाए जा रहे विशेष अभियान 4.0 रेलवे में स्वच्छता अभियान की सफलता के मद्देनजर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार ने सभी महाप्रबंधकों और मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देश दिया कि उक्त अभियान के द्वारा देश के सभी स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल लगाए जाएं। चौपाल में जन प्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत और शहरी निकाय के प्रतिनिधियों के साथ-साथ संबंधित क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को आमंत्रित कर स्टेशन की स्वच्छता में बेहतरी को सुझाव लिए जाएं जिससे स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी को सुनिश्चित किया जा सके।

'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा जैसे मुद्दों पर देंगे ध्यान

बैठक में रेलवे बोर्ड की सचिव अरूणा नायर, कार्यकारी निदेशक पब्लिक ग्रिवांसेज रत्नेश झा और समस्त जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता चौपाल के माध्यम से समावेशिता को प्राथमिकता देते हुए कार्यस्थलों की स्वच्छता एवं 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा जैसे मुद्दों पर ध्यान देना है। इस विशेष अभियान 4.0 के अंतर्गत दक्षता को बढ़ाते हुए संचालन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित किया जा रहा है, जिससे समय एवं लागत दोनों में कमी आएगी। डेटा प्रबंधन में सुधार के साथ, डेटा संग्रह, विश्लेषण और भंडारण की प्रक्रिया को बेहतर बनाया जा रहा है।

'डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से जानकारी और सेवाओं की सुलभता बढ़ाई जा रही'

डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से जानकारी और सेवाओं की सुलभता बढ़ाई जा रही है, जो नवाचार नए व्यावसायिक मॉडलों एवं सेवाओं को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। इसके अलावा, स्थानीय व्यापारियों एवं अन्य हितधारकों के बीच संवाद को बढ़ाते हुए नेटवर्किंग के अवसर निर्मित होंगे। अंततः, रेल चौपाल से सतत विकास पहलों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे यात्रियों व स्थानीय लोगों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा सकेगा।

व्यापार जगत

रतन टाटा के बाद सौतेले भाई नोएल संभालेंगे टाटा ट्रस्ट

पहले ही दो फैमिली ट्रस्ट में शामिल, पारसी कम्युनिटी की पसंद

एजेंसी । मुंबई

मुंबई। 66 साल के नोएल टाटा अब 'टाटा ट्रस्ट' के चेयरमैन होंगे। वे पहले ही दो फैमिली ट्रस्ट के ट्रस्टी हैं। नोएल रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। 9 अक्टूबर को रतन टाटा के निधन के बाद नोएल इकलौते दावेदार थे। हालांकि उनके भाई जिम्मी का नाम भी चर्चा में था, लेकिन वे पहले ही रिटायर हो चुके हैं। मुंबई में ट्रस्ट की मीटिंग में नोएल के नाम पर सहमति बनी। टाटा ट्रस्ट ने आधिकारिक बयान में कहा, 'उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।'





नवल टाटा की दूसरी पत्नी के बेटे हैं नोएल

नोएल नवल टाटा की दूसरी पत्नी सिमोन के बेटे हैं। वहीं रतन टाटा और जिम्मी टाटा नवल और उनकी पहली पत्नी सूनी की संतान हैं।

नोएल ने टाटा इंटरनेशनल से अपने करियर की शुरुआत की

नोएल ने यूनिवर्सिटी ऑफ ससेक्स से पढ़ाई की है। नोएल ने टाटा इंटरनेशनल से अपने करियर की शुरुआत की। 1999 में वे ग्रुप की रिटेल शाखा ट्रेंट के मैनेजिंग डायरेक्टर बनाए गए। इसे उनकी मां सिमोन ने शुरू किया था। 2010-11 में उन्हें टाटा इंटरनेशनल का चेयरमैन बनाया गया। इसके बाद उनके ग्रुप के चेयरमैन बनाए जाने पर चर्चा शुरू हो गई। इस बीच सायरस मिस्त्री ने खुद टाटा ग्रुप का चेयरमैन बनाए जाने की बात कही। इसके बाद सायरस मिस्त्री को टाटा संस के चेयरमैन पद से हटा दिया गया और रतन टाटा ने ग्रुप की कमान संभाली। 2018 में उन्हें टाइटन का वाइस चेयरमैन बनाया गया और 2017 में उन्हें ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल किया गया।

शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 18 फीसदी की बढ़ोतरी

एजेंसी । नई दिल्ली

नई दिल्ली। चालू वित्तीय वर्ष में 10 अक्तूबर तक देश में कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह 13 लाख 57 हजार 111 करोड़ रुपये का रहा है, जो बीते वित्तीय वर्ष की समान अवधि तक हुए कल संग्रह से 22.30 फीसदी अधिक है। चालू वित्तीय वर्ष में हुए कुल प्रत्यक्ष कर संग्रह में से दो लाख 31 हजार 150 करोड़ रुपये रिफंड के तौर पर दिए गए हैं, जिसके बाद शुद्ध रूप से प्रत्यक्ष कर की प्राप्ति 11 लाख 25 हजार 961 करोड़ रुपये की रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की समान अवधि में 9 लाख 51 हजार 409 करोड़ रुपये का शुद्ध रूप से प्रत्यक्ष कर संग्रह हुआ था। इस तरह से बीते वित्तीय वर्ष की समान अवधि के मुकाबले शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 18.35 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है

सेंसेक्स 230 अंक की गिरावट के साथ 81,381 पर बंद

निफ्टी भी 34 अंक गिरा, BSE स्मॉल कैप 246 अंक चढ़ा

एजेंसी । मुंबई

सेंसेक्स 11 अक्टूबर को 230 अंक की गिरावट के साथ 81,381 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 34 अंक की गिरावट रही, ये 24,964 के स्तर पर

बंद हुए। वहीं, BSE स्मॉल कैप 246 अंक चढ़कर 56,600 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 14 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 28 में तेजी और 22 में गिरावट रही। NSE के फार्मा सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.19% की तेजी रही।

घरेलू निवेशकों ने ₹3,878.33 करोड़ के शेयर खरीदे

ICICI बैंक, HDFC बैंक, TCS और महिंद्रा एंड महिंद्रा बाजार को सबसे नीचे गिराया। जबकि, इंफोसिस, HCL टेक और लार्सन एंड टुब्रो ने बाजार को ऊपर खींचा। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.57% की तेजी रही। कोरिया का कोस्पी 0.087% और चीन का शंघाई कम्पोजिट 2.55% की गिरावट के साथ बंद हुआ।

10 अक्टूबर को बाजार में रही थी तेजी

इससे पहले 10 अक्टूबर को सेंसेक्स 144 अंक की तेजी के साथ 81,611 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 16 अंक की तेजी रही, ये 24,998 के स्तर पर बंद हुआ था। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 16 में तेजी और 13 में गिरावट थी। निफ्टी के 50 शेयरों में से 27 में गिरावट और 23 में तेजी थी। NSE के फार्मा सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.01% की गिरावट थी।

अगस्त में औद्योगिक उत्पादन 0.1 प्रतिशत घटा

एजेंसी । नई दिल्ली

खनन और बिजली क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से अगस्त महीने में देश के औद्योगिक उत्पादन में 0.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापा जाने वाला औद्योगिक उत्पादन इस साल अगस्त में 0.1 प्रतिशत घट गया, जबकि अगस्त, 2023 में यह 10.9 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त, 2024 के लिए आईआईपी वृद्धि दर नकारात्मक 0.1 प्रतिशत रही। जुलाई, 2024 में औद्योगिक उत्पादन 4.7 प्रतिशत बढ़ा था। अगस्त के दौरान खनन, विनिर्माण और बिजली क्षेत्र का प्रदर्शन खराब रहने से कुल औद्योगिक उत्पादन में गिरावट आई है।

देश का विदेशी-मुद्रा-भंडार 8 सप्ताह में पहली बार गिरा

एजेंसी । नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारत के फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व में आठ सप्ताह में पहली बार गिरावट आई है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी RBI ने शुक्रवार (11 अक्टूबर) को आंकड़े जारी कर बताया कि भारत का फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व रिकॉर्ड हाई से गिरकर 701.18 बिलियन डॉलर पर आ गया है। इस सप्ताह फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व में 3.71 बिलियन डॉलर की गिरावट आई है। वहीं पिछले सात सप्ताह में इसमें कुल मिलाकर लगभग 35 बिलियन डॉलर की ग्रोथ हुई थी। बीते हफ्ते यह 704.89 बिलियन डॉलर के रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गया था। 27 सितंबर को समाप्त सप्ताह में फॉरेन एक्सचेंज रिजर्व में 12.6 बिलियन डॉलर की ग्रोथ हुई थी, जो जुलाई 2023 के मध्य के बाद से सबसे बड़ी वीकली ग्रोथ थी। साल 2023 में भारत ने अपने विदेशी मुद्रा भंडार में लगभग 58 बिलियन डॉलर जोड़े। जबकि 2022 में 71 बिलियन डॉलर की गिरावट देखी गई।

भारत यूरोप के साथ मिलकर काम करने को तैयार

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत में यूरोपीय व्यापार महासंघ (एफईबीआई) द्वारा शुक्रवार को आयोजित सम्मेलन में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत में निवेश की बड़ी संभावनाए हैं। यूरोपीय संघ (ईयू) हमारा बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भविष्य में ईयू और भारत को व्यापार के क्षेत्र में मिलकर काम करने की जरूरत है। अगर कारोबार में कुछ रुकावटें हैं तो उनकी पहचान करने और उन्हें जड़ से खत्म किए जाने की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री ने उत्पाद एवं सेवाओं की गुणवत्ता का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि भारत में गुणवत्ता को लेकर बेहद गंभीर है और उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुओं एवं सेवाओं को ही बाजार में सप्लाई करता है। अगर कहीं गुणवत्ता को लेकर समस्या हैं तो वो दोनों स्तर पर है क्योंकि यूरोपीयन संघ के मानक अलग हैं और भारत में कुछ मानक अलग हो सकते हैं लेकिन ऐसी स्थिति में किसी उत्पाद की गुणवत्ता को खराब नहीं कहा जा सकता है।

युवाओं की मदद से अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही

140 करोड़ की आबादी वाले भारत में युवाओं की अच्छी बड़ी संख्या है, जिसकी मदद से देश की अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है। भारत में प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है, जिससे लोगों की खर्च करने की क्षमता में भी विस्तार हो रहा है। इससे साफ संकेत हैं कि भविष्य में भारत के अंदर वस्तुओं और सेवाओं की अच्छी मांग रहने वाली है। यही कारण है कि भारत में बड़ा निवेश हो रही है। सेमीकंडक्टर निर्माण में भारत बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। इसलिए नजरिए से यूरोपीय देशों के लिए भारत में निवेश के बड़े अवसर उपलब्ध हैं। उधर, इस मौके पर रतन टाटा को भी याद किया गया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यूरोपीय संघ और भारत के रिश्तों और कारोबार को इस ऊंचाई तक लाने में रतन टाटा की अहम भूमिका रही। उन्होंने व्यापारिक तौर पर दोनों तरफ से साझेदारी को बढ़ाने का काम किया।

टी-20 सीरीज

बांग्लादेश के खिलाफ तीसरा और अंतिम मुकाबला आज

एजेंसी । हैदराबाद

भारतीय युवा टीम की निगाह क्लीन स्वीप पर है। सूर्यकुमार की टीम शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी-20 में भी विजय पताका फहराकर हैट्रिक लगाने उतरेगी। सलामी जोड़ी को छोड़कर अभी तक युवाओं ने शानदार प्रदर्शन किया है। ऐसे में संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा भी बड़ी पारी खेलकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाने को बेताब होंगे। अभिषेक आक्रामक खेल खेल रहे हैं पर बड़ा स्कोर नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने 31 और संजू ने 39 रन बनाए हैं। सैमसन को अगर यहां मौका मिलता है तो उन्हें उसे हर हाल में भुनाना होगा क्योंकि टीम प्रबंधन टीम में शामिल दूसरे विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा को भी मौका दे सकता है।

आक्रामक खेल का नजारा

प्रमुख खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में युवा ब्रिगेड ने दोनों मैचों में आक्रामक खेल का नजारा पेश किया है। युवाओं ने मुख्य कोच गौतम गंभीर की रणनीति पर पूरी तरह से अमल करके जीत का जज्बा दिखाया। बांग्लादेश के खिलाफ ही कुछ दिन पहले कानपुर में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारत ने जिस तरह से परिणाम हासिल करने के लिए आक्रामक क्रिकेट खेली उससे टीम के नए दृष्टिकोण का पता चलता है।

सलामी जोड़ी सैमसन और अभिषेक से अच्छी शुरुआत की उम्मीद

क्लीन स्वीप करने उतरेगी टीम इंडिया

नितीश ने दिखाया दम

आंध्र प्रदेश के 21 साल के नितीश रेड्डी ने भी मिले मौके का पूरा फायदा उठाया है। दिल्ली में उन्होंने तूफानी पारी खेलकर टीम को संकट से उबारकर 200 के पार पहुंचाया और फिर दो विकेट भी झटके। उन्होंने अपने 70 प्रतिशत रन स्पिनरों के खिलाफ बटोरे। इस ऑलराउंडर ने 90 की औसत और 183.67 की स्ट्राइक रेट से सर्वाधिक 90 रन बनाए हैं। टीम को उनसे फिर बड़ी पारी की उम्मीद होगी।

आमने-सामने

कुल मैच :	16
भारत जीता :	15
बांग्लादेश जीता :	01

महमूदुल्लाह का विदाई मैच

बांग्लादेश की टीम दौरे का अंत जीत से करना चाहेगी। यह महमूदुल्लाह का अंतिम टी-20 होगा। उन्होंने पिछले मैच में 41 रन बनाए थे। टीम उन्हें विजयी विदाई देना चाहेगी। हालांकि यह उसके लिए आसान नहीं होगा। उसके बल्लेबाजों ने टीम को पूरे दौरे पर काफी निराश किया है। उसे अगर वर्तमान दौरे में अपनी एकमात्र जीत हासिल करनी है तो कप्तान नजमुल हुसैन शंटो और लिटन दास जैसे सीनियर बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

मयंक-वरुण खरे उतरे

अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी जैसे अहम टूर्नामेंट को ध्यान में रखते हुए टीम प्रबंधन कुछ अच्छे विकल्प तैयार करने पर भी ध्यान दे रहा है। फिर चाहे वह तेज गेंदबाज मयंक यादव हो या स्पिनर वरुण चक्रवर्ती। गंभीर उनके प्रदर्शन पर करीबी नजर रखे हुए हैं। इन खिलाड़ियों ने भी अभी तक कोच को निराश नहीं किया है।

राणा को मिल सकता है मौका

गेंदबाजों ने अपना काम बखूबी किया है। फिर चाहे तेज गेंदबाज हो या स्पिनर। भारतीय टीम प्रबंधन लेग स्पिनर रवि बिश्नोई और ऑलराउंडर हर्षित राणा को भी मौका देने पर विचार कर सकता है। वरुण ने 6.25 की इकोनॉमी से सर्वाधिक पांच विकेट चटकाए हैं। वहीं अर्शदीप 5.85 की इकोनॉमी से चार विकेट ले चुके हैं।

अर्शदीप-हार्दिक को चाहिए चार विकेट

अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्या को भुवनेश्वर (90 विकेट) से आगे निकलने के लिए सिर्फ चार विकेट चाहिए। अर्शदीप ने 56 मैचों में 8.28 की इकोनॉमी से 87 विकेट झटके हैं। वह हार्दिक ने 104 मैचों में 8.14 की इकोनॉमी से 87 विकेट लिए हैं। दोनों में से जो भी पहले यह मुकाम हासिल कर लेगा वह देश का दूसरा सफल गेंदबाज बन जाएगा। युजवेंद्र चाहल (96 विकेट) शीर्ष पर हैं। बुमराह (89 विकेट) अभी तीसरे नंबर पर हैं।

भारत में निडर होकर खेलना होगा : लैथम

- 16 अक्तूबर से बेंगलुरु में शुरू होगा तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला
- 18 लगातार सीरीज अपने घर में जीत चुकी है भारतीय टीम

एजेंसी । क्राइस्टचर्च

न्यूजीलैंड के नवनियुक्त टेस्ट कप्तान टॉम लैथम का मानना है कि अपनी धरती पर अजेय रहे भारत को अगर कड़ी चुनौती देनी है तो उसका एकमात्र तरीका निर्भीक होकर खेलना है। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज 16 अक्तूबर से बेंगलुरु में शुरू होगी। दूसरा मैच पुणे और तीसरा मैच मुंबई में खेला जाएगा। उन्होंने शुक्रवार को टीम के भारत रवाना होने से पहले कहा, भारत का दौरा करना हमेशा रोमांचक और चुनौतीपूर्ण होता है। उम्मीद है कि हम वहां कुछ हद तक स्वच्छंद और निर्भीक होकर खेलेंगे। उन पर हावी रहने की कोशिश करेंगे। अगर हम ऐसा करते हैं तो हमारे पास जीत का अच्छा मौका होगा। हमने देखा है कि भारत में अतीत में जिन टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया है उन्होंने आक्रामक खेल दिखाकर ऐसा किया।

श्रीलंका में हार के बाद आएंगे

न्यूजीलैंड को हाल में श्रीलंका दौरे में दोनों टेस्ट मैच में हार का सामना करना पड़ा था। बाएं हाथ के बल्लेबाज लैथम ने कहा कि इस सीरीज में उनके लिए कुछ सकारात्मक पहलू भी रहे। उन्होंने कहा, श्रीलंका में हमने वास्तव में कुछ अच्छा प्रदर्शन भी किया। भले ही परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहा लेकिन हमने कुछ अच्छी चीजें की।

साउदी का समर्थन

पूर्व कप्तान टिम साउदी पिछले कुछ समय से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। लेकिन लैथम ने उनका पूरा समर्थन किया। उन्होंने कहा, हमने जब पिछली बार भारत का दौरा किया था तो उन्होंने बेंगलुरु टेस्ट मैच में सात विकेट लिए थे। हमें पूरा विश्वास है कि वह फॉर्म में वापसी करेंगे। वह पिछले कई वर्षों से हमारे लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यही वजह है कि वह न्यूजीलैंड की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं।

रणजी का रण

बिहार को 78 पर समेट हरियाणा ने बनाई बढ़त

एजेंसी । रोहतक

अमन कुमार (18/3) की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से हरियाणा ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी मुकाबले में बिहार की पहली पारी 171 गेंद में मात्र 78 रन पर समेट दी। उसके बाद पहले दिन का खेल खत्म होने तक सात विकेट पर 184 रन बनाकर 106 रन की बढ़त बना ली है। शुक्रवार को कुल 17 विकेट गिरे। स्टंप के समय सुमित कुमार 24 और जयंत यादव 16 रन बनाकर क्रीज पर थे। विकेटों के पतझड़ के बीच दोनों टीमों का कोई भी खिलाड़ी 40 का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। हरियाणा के कपिल हुड्डा ने सर्वाधिक 33, अंकित ने 28 और लक्ष्य दलाल ने 22 रन बनाए। इससे पहले बिहार ने तीन बल्लेबाज अनुज राज (29), सकीबुल गनी (20) और वीर प्रताप (13) ही दोहरे अंक तक पहुंचे।

यूपी के विरुद्ध सुदीप का शतक

लखनऊ। सुदीप चटर्जी (116) के शतक के बावजूद बंगाल की टीम पहले दिन उत्तर प्रदेश के खिलाफ सात विकेट पर 269 रन ही बना पाई। स्टंप के समय शाहबाज अहमद 26 रन बनाकर क्रीज पर हैं। जबकि सूरज को अभी खाता खोलना है। बंगाल ने शानदार फॉर्म में चल रहे अभिमन्यु ईश्वर (5) का विकेट मात्र 12 रन पर गंवा दिया। यश दयाल ने जुरेल के हाथों ईश्वर को कैच करवाया। इसके बाद सुदीप ने सुदीप कुमार (90) के साथ दूसरे विकेट के लिए 198 रन की साझेदारी की। विप्रज निगम ने कुमार को अपनी फिरकी में फंसाकर यह साझेदारी तोड़ी। इसके बाद सुदीप एक छोर पर डटे रहे और दूसरे दूसरे पर विकेट गिरते रहे।

दिल्ली के खिलाफ आयुष-संजीत के पचासे

रायपुर। आयुष पांडे (89) और संजीत देसाई (56 रिटायर्ड हर्ट) के अर्धशतकों की मदद से छत्तीसगढ ने दिल्ली के खिलाफ पहले दिन छह विकेट पर 277 रन बना लिए थे। स्टंप के समय अजय मंडल 39 और शुभम अग्रवाल 27 रन बनाकर क्रीज पर थे। दोनों सातवें विकेट के लिए 60 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। दिल्ली के लिए आयुष बडोनी ने दो विकेट लिए। सिमरजीत सिंह, हिमांशु चौहान, रितिक शौकीन और हर्ष त्यागी को एक-एक विकेट मिला।

शार्दुल-तनुष ने दिए बड़ौदा को झटके

वडोदरा। शार्दुल ठाकुर (30/1) और तनुष कोटियान (53/2) ने बड़ौदा को शुरुआती झटके दिए। इससे मेजबान टीम पहले दिन छह विकेट पर 241 रन ही बना पाई। शार्दुल ने पहले ही ओवर में ओपनर शिवलिक को खाता खोले बिना वापस भेज दिया। नतीजा 90 रन पर उसकी आधी टीम पवेलियन लौट चुकी थी। मितेश पटेल (86) ने अतीत सेठ (60 नाबाद) के साथ छठे विकेट के लिए 130 रन जोड़कर स्कोर 200 के पार पहुंचाया।

निशानेबाज महेश्वरी और नरूका की पदक पर निगाह

एजेंसी । नई दिल्ली

पेरिस ओलंपिक में मिश्रित टीम स्पर्धा में करीबी अंतर से कांस्य पदक से चूक कर चौथे स्थान पर रहने वाली भारतीय स्कीट निशानेबाज महेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरुका की जोड़ी की निगाह वह विश्व कप फाइनल में पदक जीतने पर है। आईएसएसएफ विश्व कप रविवार से कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में शुरू होगा। महेश्वरी ने साई से कहा, सीखने के लिए ओलंपिक खेल एक शानदार अनुभव रहा।

मुंबई के मैदानों से

घुड़दौड़: मैग्नेटो बेहतर

दोपहर संवाददाता । मुंबई

शनिवार को पुणे घुड़दौड़ सत्र की मुख्य दौड़ सुरेश महिन्द्रा ट्रॉफी में फैजल अब्बास द्वारा प्रशिक्षित मैग्नेटो की स्थिति बेहतर है और उसके जीत की संभावना है। कुल सात दौड़ों का कार्यक्रम रखा गया है। पहली दौड़ दोपहर दो बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- पोर्टोफिनो बे (प्र.), डेक्सा (द्वि.), 2- मार्कस (प्र.), एमाडेव (द्वि.), 3- डेजलिंग ड्युचेस (प्र.), एस्कोनिडो (द्वि.), 4- स्पैनिश ऑईज (प्र.), मिस्टी (द्वि.), 5- एन्ज्योरेन्स (प्र.), चागल (द्वि.), 6- डेमेत्रियस (प्र.), रेड डस्ट (द्वि.), 7- मैग्नेटो (प्र.), रैमिल (द्वि.), दिन का सर्वोत्तम- मार्कस।

आलिया ने जीता दिल लेकिन कमजोर स्क्रिप्ट ने बेड़ा किया गर्क

दोपहर स्टार- 2/5

आलिया भट्ट की गिनती बॉलीवुड की बेहतरीन अभिनेत्रियों में होती है। फिल्म दर फिल्म इंडस्ट्री में उनका कद बढ़ता जा रहा है। अब आलिया की फिल्म 'जिगरा' रिलीज हो गई है, जिसकी राह उनके प्रशंसक बड़ी बेसब्री से देख रहे थे। वासन बाला के निर्देशन में बनी यह फिल्म आज यानी 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म देखने के बाद एक्स पर जनता ने अपना फैसला सुनाया है।

आलिया ने जीते दिल

ज्यादातर लोगों ने आलिया की तारीफ की है। एक ने लिखा, 'आलिया क्या गजब की अभिनेत्री हैं। एक्टिंग के मामले में उनके आसपास तक कोई नहीं फटक सकता।' एक लिखते हैं, 'रुला दिया लड़की ने।' एक ने लिखा, 'एक्शन सीन देख सांस थम जाती है।' किसी ने आलिया के अभिनय को 'फायर' बताया कि किसी ने कहा कि वह 'एंग्री यंग वुमन' बन पर्दे पर छा गईं। एक लिखते हैं, 'फिल्म फीकी है, पर आलिया में तो दम है बॉस।'

क्या है फिल्म की कहानी?

फिल्म की कहानी किसी प्रेमी-प्रेमिका की नहीं है। कहानी है बहन सत्या (आलिया) और उसके भाई अंकुर (वेदांग रैना) की। इनकी मां बहुत बचपन में गुजर गई थी और पिता ने इन्हीं मासूमों के सामने खुदकुशी कर ली थी। बस उसी हादसे के बाद अपने भाई को टूटकर प्योर करने वाली सत्या, अंकुर के लिए एक ऐसा सुरक्षा कवच बन जाती है, जिसे भेद पाना असंभव-सा मालूम होता है। फिल्म की पूरी कहानी भाई-बहन के रिश्ते के इर्द-गिर्द घूमती है।

समय के साथ-साथ पैसा भी हुआ बर्बाद

एक यूजर ने लिखा, 'पूरी फिल्म की कहानी जेल के आसपास ही गुजर गई। बुरे लेखन की वजह से यह फिल्म ऐसी मात खाई कि आलिया की उम्दा अदाकारी भी इसे बचाने में नाकाम रही।' एक लिखते हैं, 'आलिया के अलावा फिल्म में कुछ भी देखने लायक नहीं। इसमें मनोरंजन की कमी खासी खलती है।'

फिल्म के क्लाइमैक्स पर अलग-अलग राय

किसी ने फिल्म के क्लाइमैक्स को जबरदस्त बताया है तो कोई इसे वाहियात बता रहा है। एक ने लिखा, 'इसका अंत निराश करता है। कुल मिलाकर फिल्म बेहतर हो सकती थी, लेकिन कमजोर कहानी ने खेल बिगाड़ दिया।' एक यूजर ने लिखा, 'क्लाइमैक्स बढ़िया होता तो और मजा आता।' एक लिखते हैं, 'बड़े समय बाद ऐसी फिल्म देखी, जिसे देख आंसू छलक आए।' एक ने लिखा, 'आलिया को 100 में से 100 नंबर। यह उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।'

फातिमा सना शेख अभिनेता आर माधवन से करेंगी रोमांस

करण जौहर पिछली बार फिल्म 'बैड न्यूज' लेकर आए थे, जिसमें विक्की कौशल और तृप्ति डिमरी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। अब खबर है कि वह अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं। इससे भी खास बात यह है कि करण ने अपनी इस फिल्म में आर माधवन और फातिमा सना शेख की जोड़ी बनाई है। पहली बार ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं।

साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं माधवन और फातिमा

रिपोर्ट के मुताबिक, यह एक रोमांटिक फिल्म होने वाली है, जिसके निर्देशन की कमान करण ने विवेक सोनी को सौंपी है। राधिका आनंद और जहान हांडा ने फिल्मी कहानी लिखी है। अक्टूबर के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। बताया जा रहा है कि फातिमा और माधवन पहली बार साथ काम करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। यह फिल्म एक लव स्टोरी के इर्द-गिर्द बुनी गई है। हालांकि, यह प्रेम कहानी थोड़ा हटके होगी। माधवन फिल्म में एक उम्रदराज आदमी के किरदार में होंगे।

'बेबी जॉन' से जैकी श्रॉफ का खतरनाक पोस्टर जारी



वरुण धवन अभिनीत 'बेबी जॉन' एक आगामी एक्शन से भरपूर फिल्म है जो हाल ही में एक बड़ी चर्चा पैदा कर रही है। वरुण धवन के खतरनाक लुक से लेकर सलमान खान के कैमियो तक, फिल्म रिलीज से पहले से ही जबर्दस्त सुर्खियां बटोर रही है। अब, निर्माताओं द्वारा जारी किए गए एक नए पोस्टर के साथ प्रचार वास्तविक हो गया है, जिससे संकेत मिलता है कि कुछ बड़ा आने वाला है।

11 अक्तूबर को निर्माताओं द्वारा जारी किए गए नए पोस्टर में जैकी श्रॉफ का लुक टीज किया गया है। हम ब्लैक एंड व्हाइट पोस्टर में उनके चेहरे का केवल आधा हिस्सा ही देख सकते हैं, जिस पर 'जैकी श्रॉफ' लिखा हुआ है। निर्माताओं ने फिल्म को लेकर और अधिक उत्साह पैदा कर दिया है क्योंकि उन्होंने कैप्शन में उल्लेख किया है कि वे जल्द ही एक 'मुख्य खुलासा' करने जा रहे हैं।

टल गई 'रामायण:द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' की रिलीज डेट

साल 1993 में बनी जापानी-भारतीय एनिमेशन फिल्म 'रामायण : द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' आगामी 18 अक्तूबर को रिलीज होने वाली थी। हालांकि, अब इस फिल्म की रिलीज को स्थगित कर दिया गया है। इस एनिमेशन फिल्म को अब निर्धारित डेट पर रिलीज नहीं किया जाएगा। फिल्म के वितरकों ने जानकारी दी है कि इस फिल्म को अब किसी और तारीख पर रिलीज किया जाएगा। रामायण : द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम को 18 अक्टूबर को 4 के प्रारूप में अपने मूल अंग्रेजी संस्करण के साथ हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज किया जाना था।

ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के मकसद से टाली गई रिलीज

गीक पिक्चर्स इंडिया, एए फिल्म्स और एक्सेल एंटरटेनमेंट के सहयोग से इस फिल्म का भारत में वितरण कर रही है। गीक पिक्चर्स इंडिया के तरफ से कहा गया है कि फिल्म को काफी अधिक सिनेमाघरों तक पहुंचाने और ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक ले जाने के लिए इस फिल्म की रिलीज डेट में बदलाव किया जा रहा है। गीक पिक्चर्स इंडिया ने कहा कि ये फिल्म से कहीं ज्यादा एक कालातीत कहानी है जो रिश्तों, बुराई पर अच्छाई की जीत, प्रकृति और जीवों के बीच सामंजस्य और दोस्ती तथा विश्वास का जश्न मनाती है। फिल्म के वितरक ने आगे कहा, 'जापान से इस सांस्कृतिक कलाकृति को उसके आध्यात्मिक घर में पेश करने पर हमें गर्व है। हम जल्द ही एक नई रिलीज तिथि की घोषणा करेंगे, जो फिल्म को देश भर में व्यापक पहुंच प्रदान करेगी।'



जल्द होगा नए रिलीज डेट का एलान

गीक पिक्चर्स ने इसकी जानकारी साझा करते हुए कहा कि 'रामायण : द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' के लिए दिखाए गए अपार प्रेम और प्रोत्साहन के लिए वो भारत के लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं। कंपनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक नोट साझा किया है, जिसमें लिखा है, 'देश भर में प्रशंसकों द्वारा दिखाए गए अविश्वसनीय उत्साह को देखते हुए हमने फिल्म की रिलीज की तारीख को पहले से निर्धारित 18 अक्टूबर से बदलने का फैसला किया है। निकट भविष्य में रिलीज की एक नई तारीख तय करने का फैसला किया जा रहा है। ये निर्णय दिखाता है कि हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह प्रतिष्ठित कृति हमारे इतने बड़े देश के हर कोने तक पहुंचे।'

न्यूज़ ब्रीफ

15 अक्टूबर को सैनी सरकार का होगा शपथ ग्रहण, पीएम होंगे शामिल

चंडीगढ़। 15 अक्टूबर को हरियाणा की सैनी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। समारोह पंचकूला सेक्टर 5 के परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी समेत बीजेपी और एनडीए शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्री शरीक हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि समारोह में एक लाख से ज्यादा लोग आ सकते हैं। समारोह में देश के कई जाने माने उद्योगपतियों समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल हो सकते हैं। बता दें, बीजेपी तीसरी बार प्रदेश में सरकार बना रही है। 2024 के विधानसभा चुनाव में एग्जिट पोल के नतीजों से इतर बीजेपी ने बड़ी जीत दर्ज की है। 15 अक्टूबर को सीएम नायब सिंह सैनी शपथ लेंगे। उनके साथ 12 अन्य नेता भी मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। सूत्रों के मिली जानकारी के मुताबिक सैनी सरकार में अनिल विज, अरविंद शर्मा, कृष्ण बेदी, कृष्णलाल पंवार, मूलचंद शर्मा, लक्ष्मण यादव, कृष्ण मिड्ढा, महिपाल ढांडा समेत अन्य को मंत्री बनाया जा सकता है।

DSP बने भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज, तेलंगाना में संभालेंगे बड़ी जिम्मेदारी

नई दिल्ली। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने शुक्रवार को तेलंगाना के पुलिस उपाधीक्षक का पदभार संभाल लिया है। उन्होंने तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक को रिपोर्ट करने के बाद आधिकारिक तौर पर कार्यभार संभाल लिया है। तेज गेंदबाज के साथ सांसद एम. अनिल कुमार यादव, टीजीएमआरईआईएस के अध्यक्ष मोहम्मद फहीमुद्दीन कुरैशी भी मौजूद थे। सीएम रेवंत रेड्डी ने पहले घोषणा की थी कि सिराज को प्रतिष्ठित ग्रुप-I सरकारी पद मिलेगा। मोहम्मद सिराज ने इस सम्मान के लिए मुख्यमंत्री के प्रति अपनी प्रशंसा और आभार व्यक्त किया। तेलंगाना पुलिस ने एक्स पर लिखा, 'भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज को उनकी क्रिकेट उपलब्धियों और राज्य के प्रति समर्पण को सम्मान देते हुए तेलंगाना का डीएसपी नियुक्त किया गया है। वह अपनी नई भूमिका से कई लोगों को प्रेरित करते हुए अपना क्रिकेट करियर जारी रखेंगे।'

बकाया वेतन की मांग पर 24 अक्टूबर से हड़ताल पर जाएंगे कर्मचारी

धनबाद। अगर यही स्थिति रही, तो आने वाले दिनों में झारखंड के गरीब रोगियों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाएगा। 108 एंबुलेंसकर्मियों ने हड़ताल पर जाने की चेतावनी दे दी है। ये लोग अपने बकाया वेतन के भुगतान की मांग कर रहे हैं। एंबुलेंस का संचालन करने वाली एजेंसी के कर्मियों को त्योहार के सीजन में भी वेतन नहीं मिला। एजेंसी पर वेतन का भुगतान करने के लिए दबाव बनाने के तहत कर्मियों ने हड़ताल पर जाने का मन बना लिया है। कहा है कि अगर उनके बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया, तो 24 अक्टूबर से झारखंड में 108 एंबुलेंस सेवा को ठप कर दिया जाएगा। इस संबंध में शुक्रवार को 108 एंबुलेंस का संचालन कर रही एजेंसी इएमआरआइ ग्रीन के कर्मियों ने धनबाद के सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन को ज्ञापन सौंपा। कर्मियों ने रंगदेव वर्मा चौक पहुंचकर एजेंसी के विरुद्ध प्रदर्शन भी किया। कर्मियों ने बताया कि 3 माह से एजेंसी ने उनके वेतन का भुगतान नहीं किया है।

राहुल गांधी से छिनेगा नेता प्रतिपक्ष का पद

भाजपा का दावा विपक्षी दलों में ऐसे कई नेता हैं जो नेता प्रतिपक्ष का कार्यभार संभालने में सक्षम हैं

एजेंसी । नई दिल्ली

बीजेपी ने शुक्रवार को दावा किया है कि INDIA गठबंधन विपक्ष के नेता के पद पर राहुल गांधी की जगह दूसरे नेता को बैठाने के लिए मंथन कर रही है। बीजेपी ने कहा है कि अगर गठबंधन को लगता है कि राहुल गांधी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं तो उन्हें यह बदलाव जरूर करना चाहिए। शुक्रवार को नई दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि विपक्षी दलों के अंदर कई सक्षम नेता हैं जो विपक्ष के नेता की भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि यह फैसला गठबंधन को ही लेना चाहिए क्योंकि यह इंडिया ब्लॉक का आंतरिक मामला है। बीजेपी के दावे के बारे में INDIA अलायंस ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। विशेषज्ञों के मुताबिक कम से कम 10 प्रतिशत सीटों के साथ सबसे बड़े विपक्षी दल के सांसद को ही नेता प्रतिपक्ष के रूप में नियुक्त किया जा सकता है। सदन में कांग्रेस के सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी होने की वजह से राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया गया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद को रोटेशनल बनाने की संभावना के बारे में विपक्षी दलों के बीच चर्चा के बारे में पूछे जाने पर भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने यह टिप्पणी की है।

लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद को रोटेशनल बनाने की संभावना

विपक्षी दलों में ऐसे कई सक्षम नेता : बांसुरी स्वराज

बांसुरी स्वराज ने पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हां, बिल्कुल। मैंने भी सुना है कि ऐसी बात चल रही है कि नेता प्रतिपक्ष के पद को रोटेशनल करने की बात चल रही है। लेकिन मैं विनम्रता से कहूंगी कि यह विपक्ष का अंदरूनी मामला है।' बांसुरी स्वराज ने कहा कि विपक्ष में कई सक्षम नेता हैं। उन्होंने कहा, 'विपक्षी दलों में ऐसे कई नेता हैं जो नेता प्रतिपक्ष का कार्यभार संभालने में काफी सक्षम हैं। अगर इंडी अलायंस को लगता ये है कि माननीय राहुल गांधी पूरी कर्तव्य निष्ठा से अपना पदभार नहीं संभाल पा रहे हैं तो ये निर्णय उन्हें लेना है।'

सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के सांसद को ही मिलता है पद

हालांकि पूर्व लोकसभा महासचिव पीडीटी आचार्य ने कहा है कि सदन में सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी के सांसद को ही विपक्ष का नेता नियुक्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी विशेष रूप से उस व्यक्ति को चुनती है जिसे वह विपक्ष का नेता नियुक्त करना चाहती है। उन्होंने पीटीआई से कहा, 'इसमें न तो सरकार और न ही स्पीकर की कोई भूमिका है।' आचार्य ने आगे कहा कि स्पीकर किसी व्यक्ति को लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में तभी मान्यता देते हैं जब उसका नाम सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी द्वारा आगे बढ़ाया जाता है।

महादेव सट्टा एप केस का मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर गिरफ्तार

एक हफ्ते के भीतर लाया जाएगा भारत





एजेंसी । नई दिल्ली

बहुचर्चित मामले महादेव सट्टा एप के मनी लॉन्ड्रिंग और धोखाधड़ी मामले से जुड़ी खबर सामने आई हैं जहां पर इंटरपोल के अधिकारियों ने मुख्य संचालक सौरभ चंद्राकर को दुबई में गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में पहले ही सीबीआई और ईडी के अधिकारियों ने दुबई की पुलिस और स्थानीय फोर्स को आरोपी से जुड़ी जानकारी दी थी। बता दें कि, इस मामले में कई गिरफ्तारियां हो गई हैं तो वहीं पर दुबई से औपचारिक कार्रवाई होने के बाद जल्द ही उसे भारत लाया जा सकेगा। काफी समय से आरोपी की तलाश जारी थी जो अब पूरी हो गई है।

7 दिन के अंदर लाया जाएगा भारत

आपको बताते चलें कि, इस मामले में आरोपी सौरभ को गिरफ्तार करने के बाद इंटरपोल के अधिकारियों ने भारतीय विदेश मंत्रालय को इसकी सूचना दे दी है। इसके बाद आरोपी को आगे की कार्रवाई के लिए भारत लाया जा सकेगा। आरोपी सौरभ का नाता छत्तीसगढ़ से रहा हैं इसके लिए चंद्राकर को भारत और फिर जल्द ही रायपुर लाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए दस्तावेजी काम अफसर जल्द से जल्द निपटा रहे हैं। सात दिन के भीतर आरोपी को भारत लाया जा सकता है। बता दें कि, आरोपी सौरभ के दुबई में छिपे होने की जानकारी मिल रही थी इसके लिए इंटरपोल के अधिकारी लंबे वक्त से पहचान बदलकर दुबई में रह रहे थे। यहां से सौरभ चंद्राकर के ठिकानों पर नजर रख रहे थे, जहां पर आरोपी को मौका देखते ही पकड़ लिया है।

क्या हैं मामला?

आपको बताते चलें कि, यह मामला छत्तीसगढ़ के महादेव ऑनलाइन सट्टा एप से जुड़ी हैं जिसमें आरोपी सौरभ ने एप के जरिए बड़े घपले किए है। इसके अलावा ईडी ने दावा किया था कि जांच एजेंसी ने एक 'कैश कूरियर' के ईमेल स्टेटमेट को रिकॉर्ड किया। इस एप के जरिए यूजर्स पोकर, कार्ड गेम्स, चांस गेम्स नाम से लाइव गेम खेलते थे।

त्रिशूर पूरम उत्सव को लेकर केरल विधानसभा में अपमानजनक टिप्पणियों पर भड़का RSS

कानूनी कार्रवाई की दी चेतावनी

एजेंसी । तिरुवनंतपुरम

केरल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) ने राज्य विधानसभा के अंदर सत्तारूढ़ और विपक्षी सदस्यों द्वारा संगठन के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणियों के लिए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। संघ ने कहा कि यह निंदनीय है कि जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग सदन के अंदर और बाहर यह निराधार आरोप लगा रहे हैं कि इस साल आयोजित हुए त्रिशूर पूरम में व्यवधान पैदा करने के पीछे संघ का हाथ था।

एक वार्षिक हिंदू मंदिर उत्सव

बता दें कि त्रिशूर पूरम केरल के त्रिशूर में आयोजित होने वाला एक वार्षिक हिंदू मंदिर उत्सव है। यह उत्सव हर साल पूरम के दिन त्रिशूर के वडक्कुनाथन मंदिर में आयोजित होता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस साल अप्रैल में आयोजित हुए इस उत्सव के दौरान कथित तौर पर पुलिस का हस्तक्षेप हुआ था। कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्षी दल यूडीएफ यह आरोप लगाता आ रहा है कि संघ के नेताओं और सीएम विजयन की गुप्त सहमति से यह सब हुआ। उसका यह भी आरोप है कि सीएम की जानकारी में त्रिशूर उत्सव में बाधा पैदा की गई।

केरल विधानसभा में हुई तीखी बहस

अपने बयान में संघ नेता ने आरोप लगाते हुए कहा कि केरल के त्रिशूर पूरम और सबरीमाला तीर्थयात्रा जैसे प्रतिष्ठित उत्सवों में जानबूझकर तनाव और विवाद पैदा करने के लिए ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं। इससे पहले केरल विधानसभा में बुधवार को प्रतिष्ठित त्रिशूर पूरम उत्सव में हुए व्यवधान को लेकर तीखी बहस हुई थी। इस दौरान विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की जानकारी में उत्सव में ऐसा हुआ।

संघ नेता राज्यपाल और स्पीकर से करेंगे मुलाकात

इस मुद्दे को लेकर अपने एक बयान में संघ के वरिष्ठ नेता एन. ईश्वरन ने पूछा कि किस आधार पर वे लोग ऐसी गलत बातें बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि संघ के नेता इस मामले को लेकर जल्द ही राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और विधानसभा अध्यक्ष ए.एन. शमशीर से मुलाकात करेंगे। ईश्वरन ने आरोप लगाते हुए आगे कहा कि केरल के मंत्री, विधायक और नेता प्रतिपक्ष सहित जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग अपने राजनीतिक फायदे के लिए संघ के नाम का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, ''इसकी अनुमति नहीं है। संघ के पास ऐसे विवादों में हस्तक्षेप करने का न तो समय है और न ही रुचि है। राजनीतिक विवादों में संघ का नाम घसीटने का प्रयास दुर्भावनापूर्ण है और ऐसे प्रयासों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।'

फिर से फाइटर जेट का इंजन बनाएगा भारत

एजेंसी । नई दिल्ली

फाइटर जेट का इंजन बनाना बहुत मुश्किल काम है। इसके लिए मैकेनिकल, मेटलर्जिकल, और इलेक्ट्रिकल जैसी इंजीनियरिंग क्षेत्र में विशेषज्ञता की जरूरत होती है। भारत ने साल 1989 में कावेरी नाम का जेट इंजन विकसित करने की कोशिश की थी,

लेकिन वह सफल नहीं रहा। 1990 के दशक में जब भारत आर्थिक सुधारों की दिशा में आगे बढ़ रहा था, परमाणु परीक्षण कर रहा था और वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा था, उसी समय देश के रक्षा प्रतिष्ठान ने एक स्वदेशी सैन्य जेट इंजन बनाने की दिशा में काम करना शुरू किया। इस इंजन का नाम 'कावेरी' रखा गया, जो दक्षिण भारत की एक प्रसिद्ध नदी के नाम पर आधारित है। भारत में स्वदेशीकरण एक बड़ा सपना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार और पूर्ववर्ती सरकारें इस सिद्धांत का पालन करती रही हैं कि देश में ही अत्याधुनिक तकनीकों का विकास किया जाए। सैन्य जेट इंजन बनाना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह एक बेहद जटिल प्रक्रिया है जिसे बनाने के लिए दशकों के अनुभव की आवश्यकता होती है। दुनिया में सिर्फ पांच देश ही ऐसे हैं जो इस प्रकार के एडवांस इंजन बनाने की क्षमता रखते हैं। ये देश अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस और चीन हैं।

इजराइल का लेबनान में UN पोस्ट पर हमला

बॉर्डर पर 600 भारतीय सैनिक भी तैनात

एजेंसी । बेरूत

इजराइल ने लेबनान में UN की पोस्ट पर भी हमले करने शुरू कर दिए हैं। इजराइली टैंकों ने गुरुवार को UN के बेस को निशाना बनाया। इस हमले में UN पीसकीपिंग फोर्स के 2 सदस्य घायल हो गए। इजराइल के इन हमलों पर भारत ने भी चिंता जाहिर की है। दरअसल, UN के पीसकीपिंग मिशन के लिए इजराइल-लेबनान बॉर्डर पर ब्लू लाइन बनाई गई है। इस पर भारत के भी 600 सैनिक तैनात हैं। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वे ब्लू लाइन पर बिगड़ते सुरक्षा हालातों को मॉनिटर कर रहे हैं। UN परिसर की अखंडता का सम्मान होना चाहिए, उनकी सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए। UN पीस मिशन की टीम पर हमले के बाद इटली, फ्रांस और इंडोनेशिया जैसे कई देशों ने इजराइल से जवाब मांगा है। वहीं, भारत में इजराइल के राजदूत रुयूवेन अजार ने कहा कि हिजबुल्लाह UN पोस्ट की आड़ में इजराइल पर हमले कर रहा है। इजराइल UN के सैनिकों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाएगा।

लेबनान पर UN और इजराइल में क्या है विवाद ?

लेबनान और इजराइल बॉर्डर पर 2 तरह के पीसकीपर्स तैनात हैं। इनमें से एक का नाम 'यूनाइटेड नेशन इंटरिम फोर्स इन लेबनान' यानी UNIFIL है। जबकि दूसरी 'यूनाइटेड नेशन डिसइंगेजमेंट ऑब्जर्वर फोर्स' है। इजराइल ने लेबनान में 1 अक्टूबर को जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी थी। इसके बाद इजराइन ने UN पीसकीपर्स को दक्षिणी लेबनान से हटने को कहा था। हालांकि, UN ने ऐसा करने से इनकार कर दिया था। अब UN ने आरोप लगाया है कि इजराइल ने पिछले 24 घंटों में लगातार उनके बेस को निशाना बनाया है। इजराइली सैनिकों ने जानबूझकर UNIFIL के 2 और बेस पर कैमरा और लाइट्स पर गोलियां चलाईं। वहीं इजराइली सेना ने कहा है कि टैंक से हमला करने से पहले उन्होंने UN पीसकीपिंग सदस्यों को सुरक्षित जगह चले जाने की वॉर्निंग दी थी। इजराइली हमले में लेबनान के 22 लोगों की मौत इजराइल ने गुरुवार को लेबनान की राजधानी बेरूत में एक इमारत पर हवाई हमले किए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि हमले में 22 लोगों की मौत हो गई, जबकि 177 लोग घायल हुए हैं। इजराइल ने हमले पर फिलहाल कोई बयान जारी नहीं किया है।

औरंगाबाद सड़क हादसे में वरिष्ठ भाजपा नेता की मौत

मातम में बदला दुर्गा नवमी का जश्न

एजेंसी । नई दिल्ली

औरंगाबाद में नेशनल हाईवे 19 पर मदनपुर थाना क्षेत्र के सडैल मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक सवार पर्यटक ने 50 वर्षीय वरिष्ठ भाजपा नेता को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान सडैल गांव निवासी धीरेंद्र सिंह के रूप में हुई है।

खेत से घर जाने के दौरान हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार धीरेन्द्र सिंह अपने घर से बाइक से खेत जोतने व बीज बोने के लिए बधार में गए थे। बीज बोने के बाद वे बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे सढिल मोड़ के समीप पहुंचे, मदनपुर से औरंगाबाद जा रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार पर्यटक ने उन्हें रौंद दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि इस घटना में बाइक सवार पर्यटक भी घायल हो गया है। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। स्थानीय लोगों ने धीरेन्द्र सिंह को जीवित अवस्था में उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी नब्ज जांचने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

महाकुंभ 2025 के लिए रिकॉर्डतोड़ बजट स्वीकृत

2019 कुंभ से डेढ़ गुना खर्च करके बनाया जाएगा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

एजेंसी । लखनऊ/प्रयागराज

महाकुंभ-2025 को भव्य और दिव्य बनाने के साथ ही योगी सरकार दुनिया के सबसे बड़े आयोजन को पूरी दुनिया सामने मिसाल के रूप में भी प्रस्तुत करने जा रही है। करीब दो माह तक चलने वाले इस बड़े आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के साथ ही इस बार कुंभ 2019 की तर्ज पर कई बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड्स भी स्थापित किए जाएंगे। ये रिकॉर्ड्स कुंभ 2019 में बनाए गए रिकॉर्ड्स में सुधार करेंगे और सार्वजनिक गतिविधियों में जनभागीदारी की भावना को प्रोत्साहित करेंगे। 2019 में जहां इन गतिविधियों पर योगी सरकार ने 3.5 करोड़ रुपए खर्च किए थे तो वहीं इस बार 5 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। इन रिकॉर्ड्स के जरिए योगी सरकार पूरी दुनिया को ग्रीन एवं स्वच्छ महाकुंभ का संदेश भी देगी।

पिछली बार से ज्यादा खर्च की जाएगी राशि

योगी सरकार ने महाकुंभ-2025 के पावन अवसर पर आम लोगों की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक पैमाने पर तैयारियां की हैं। इसी क्रम में जनसहभागिता के माध्यम से चार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड भी स्थापित किए जाने की योजना है। इन सभी गतिविधियों को वर्ल्ड रिकॉर्ड के रूप में स्थापित करने के लिए योगी सरकार की ओर से कुल 4.87 करोड़ रुपए के बजट का प्राविधान किया गया है। इसमें गतिविधियों के प्रबंधन पर सवा दो करोड़ रुपए खर्च होंगे, जबकि अन्य विकास कार्यों पर भी 1.62 करोड़ रुपए का खर्च किया जाएगा। इससे पूर्व 2019 कुंभ में भी कई बड़े वर्ल्ड रिकॉर्ड्स स्थापित किए गए थे, जिन पर योगी सरकार ने 3.53 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि खर्च की थी। इस तरह महाकुंभ 2025 में विभिन्न रिकॉर्ड्स के लिए आयोजित होने वाली गतिविधियों में 1.25 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की जाएगी।

सामुदायिक भागीदारी की भावना को प्रोत्साहन

कुंभ 2019 में योगी सरकार द्वारा सर्वाधिक हैण्डप्रिंट प्रिंटिंग का रिकॉर्ड्स स्थापित किया गया था। उस दौरान 8 घंटे में 60 फीट के कैनवास पर 7,664 लोगों के द्वारा हस्ताक्षर पेंटिंग में योगदान दिया गया था। यह रिकॉर्ड एक सामुदायिक भागीदारी गतिविधि थी, जिसमें दुनिया भर के लोगों ने भाग लिया। इस गतिविधि ने दक्षिण कोरिया द्वारा बनाए गए 4675 हस्ताक्षरों के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। महाकुंभ 2025 में योगी सरकार ने इस गतिविधि में 10 हजार लोगों को सम्मिलित कर नया रिकॉर्ड स्थापित करने की योजना बनाई है। इसी तरह कुंभ 2019 में योगी सरकार की ओर से मेला क्षेत्र में 28 फरवरी 2019 को सबसे बड़ी बस परेड का आयोजन किया गया था।

बांग्लादेश के जेशोरेश्वरी मंदिर में मां दुर्गा का मुकुट चोरी

एजेंसी । ढाका

बांग्लादेश के जेशोरेश्वरी मंदिर से मां काली का मुकुट चोरी हो गया है। यह सोने की परत चढ़ा चांदी का मुकुट है। इस घटना का CCTV फुटेज शुक्रवार को सामने आया। पीएम मोदी 2021 में बांग्लादेश दौरे के दौरान जेशोरेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए गए थे। इस दौरान उन्होंने यह मुकुट मंदिर में चढ़ाया था। मोदी की ये यात्रा कोविड-19 के बाद किसी देश की पहली यात्रा थी। भारत ने चोरी की घटना पर आपत्ति जताई है। ढाका में भारतीय उच्चायोग ने कार्रवाई करने की मांग की है।

सेवादार ने बताई चोरी की बात

मंदिर की सेवादार रेखा सरकार ने कहा कि दोपहर में मंदिर में प्रसाद वितरण किया जा रहा था। इसके बाद पुजारी दिलीप कुमार बनर्जी ने मुझे चाबी थमा दी। फिर मैं बगल के ट्यूबवेल पर चली गई और पूजा के बर्तन धोने लगी। अनजाने में मंदिर का दरवाजा खुला रह गया था। वहां से एक-दो मिनट बाद मैंने देखा कि माता का मुकुट गायब था। बाद में मैंने मंदिर में मौजूद सभी लोगों को यह बात बताई।

मंदिर में चोरी के वक्त के फुटेज वायरल

टी-शर्ट के अंदर से मुकुट छुपाकर भागा चोर मंदिर से मुकुट चोरी का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें जींस और टी-शर्ट पहने एक लड़का मंदिर में घुसते हुए दिखाई दे रहा है। मुकुट को उठाने के बाद वह उसे अपने टी-शर्ट के अंदर छिपा लेता है और फिर चोरी के बाद वह आराम से मंदिर से निकल जाता है। चोरी गुरुवार को दोपहर करीब 2 बजे से 2.30 बजे के बीच में हुई। मंदिर की सेवादार ने देखा कि देवी के सिर से मुकुट गायब था। इसके बाद श्यामनगर पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। श्यामनगर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर तैजुल इस्लाम ने कहा कि वे चोर की पहचान करने के लिए मंदिर के CCTV फुटेज की जांच कर रहे हैं।